दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 184 जयपुर, गुरुवार, 13 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### माझी ने ओडिशा व नायडू ने आंध्र के CM की ली शपथ



**नई दिल्ली।** ओडिशा में नए सीएम के तौर पर चार बार के विधायक मोहन माझी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कई दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। मुख्यमंत्री के साथ दो डिप्टी सीएम केवी सिंह देव और प्रवती परिदा ने भी शपथ ली। उधर एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेता और कई फिल्मी स्टार मौजूद रहे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुन नजीर ने चंद्रबाबू नायडू और नई कैबिनेट में शामिल हुए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

(पेज 7 भी देखें)

### भारत अमेरिका को हराकर पहुंचा सुपर-8 में



**न्यूयॉर्क।** टी-20 वर्ल्ड 2024 के एक और लो स्कोरिंग मुकाबले में बुधवार रात अमेरिका को हराते हुए भारत टूर्नामेंट के सुपर-8 में क्वालीफाई कर गया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और सूर्यकुमार यादव स्टार परफॉर्मर रहे। लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देते हुए चार विकेट लिए तो बाद में खराब फॉर्म से गुजर रहे सूर्या ने विपरित हालातों में नाबाद फिफ्टी ठोकी। मैच में यूएसए ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 110 रन बनाए, जिसे भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## भारतीयों के लिए काल बना कुवैत का लेबर कैंप... 49 की मौत, 30 घायल अस्पताल में भर्ती

# कुवैत में जिंदा जले 40 भारतीय



एजेंसी | कुवैत सिटी/नई दिल्ली

कुवैत में दक्षिणी इलाके के मंगाफ की एक इमारत में लगी आग में 49 लोगों की मौत हो गई है, इनमें 40 लोग भारतीय बताए जा रहे हैं। यह भीषण हादसा बुधवार को स्थानीय समयानुसार तड़के 4 बजे के करीब हुआ। आग जिस इमारत में लगी थी, उसमें बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर रह रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो सकता है। यह आग अल-मंगफ नाम की इमारत में लगी, जहां मजदूर रहते थे। कुवैती मीडिया का कहना है कि कुछ लोगों की मौत आग में जलकर हुई है। वहीं बड़ी संख्या में लोगों की मौत धुंए के चलते दम घुटने से हुई। इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुख जताया है।

हादसे में मृतकों की संख्या इसलिए भी अधिक हो गई क्योंकि आग तड़के 4 बजे लगी, जिस दौरान लोग सो रहे थे। ऐसे में लोगों को बचने का मौका नहीं मिला और उनका नींद में रहने के दौरान ही दम घुट गया। इस बिल्डिंग को एनबीटीसी ग्रुप नाम की एक कंपनी ने ले रखा था और इसमें 195 मजदूर रह रहे थे। इनमें से ज्यादातर लोग भारत के केरल, तमिलनाडु और कुछ उत्तर भारत के राज्यों के थे।

कुवैत के आंतरिक मंत्री शेख फहद अल यूसुफ ने इस घटना को 'रियल डिजास्टर' बताया। वहीं, आंतरिक मंत्रालय के मेजर जनरल ईद राशिद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दल और फोरेंसिक टीमों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। कुवैत के गृह मंत्रालय (आंतरिक मंत्रालय) ने इमारत के नियमों के उल्लंघनों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हमने जांच पूरी होने तक कंपनी के मालिक, इमारत के मालिक और उसके गार्ड को हिरासत में रखने का आदेश दिया।





*कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने मंगाफ में एक अस्पताल का दौरा किया और अस्तपाल में भर्ती भारतीय मजदूरों की कुशलक्षेम जानी।*

### पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में हुए अग्निकांड पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'कुवैत में आग की दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने परिजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास द्वारा इस घटना पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।'



कुवैत के मंगाफ शहर की इमारत में अग्नि विभीषिका में 40 से अधिक भारतीयों की मृत्यु अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। वर्तमान स्थिति पर भारतीय दूतावास ने गहन निगरानी स्थापित की हुई है और वह प्रभावितों की सहायता हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय में है। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ॐ शांति!

**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री

### विदेश राज्य मंत्री को भेजा कुवैत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत अग्निकांड पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को कुवैत जाने का निर्देश दिया है। कुवैत में एक आवासीय इमारत में आग लगने के कारण बड़ी संख्या में भारतीयों की मौत और हताहतों की संख्या को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राहत कार्यों की निगरानी एवं कुवैत सरकार के साथ समन्वय के लिए विदेश राज्य मंत्री को वहां भेजने का निर्देश दिया है।

### भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने हरसंभव मदद का ऐलान किया गया है।

## देशभर में सड़कों पर उतरे विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ता

# आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर

जम्मू में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न प्रदेशों में विरोध प्रदर्शन हुए। राजधानी जयपुर में सीकर रोड स्थित विश्वकर्मा, बड़ी चौपड़, मानसरोवर और वैशाली नगर में लोगों ने आतंकी हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के जैसलमेर में हिंदूवादी संगठनों ने विरोध जताया और आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

जयपुर में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा जिला केंद्रों पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान हमले में बलिदान हुए तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इसके अलावा जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी स्थानीय जिलाधिकारियों के माध्यम से दिया गया। इसी प्रकार बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने मानसरोवर स्थित थड़ी मार्केट पर खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

इस अवसर पर बजरंग दल से सह संयोजक रविंद्र चौधरी, प्रांत सह मंत्री विवेक दिवाकर, प्रांत प्रचार प्रमुख अमितोष, जिला मंत्री विष्णु प्रखंड, अध्यक्ष रूप नारायण जेडिया आदि मौजूद रहे।

### राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में जताया विरोध

@ बड़ी चौपड़



@ विद्याधर नगर





फोटो: पंकज शर्मा

### जैसलमेर-झालावाड़ में आतंकवाद के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में जैसलमेर और झालावाड़ जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जैसलमेर शहर के व्यस्ततम हनुमान सर्किल पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'आतंकवाद को खत्म करो' के नारे लगाए। साथ ही विरोध प्रदर्शन किया।

## आय से अधिक संपत्ति का मामला: एसीबी ने जयपुर, झुंझुनूं व नागौर में मारे छापे

# अपेक्स बैंक के MD के ठिकानों पर ACB की रेड



बेधड़क | जयपुर

आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को अपेक्स बैंक के एमडी भोमाराम के ठिकानों व ऑफिस में छापे मारे। जयपुर, झुंझुनूं और नागौर में भोमाराम के आवास, ऑफिस व अन्य छह जगह पर छापे मारकर सर्च किया गया। एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि अपेक्स बैंक के एमडी भोमाराम के खिलाफ आठ दिन पहले एक शिकायत मिली थी। इसमें आय से अधिक संपत्ति की शिकायत थी। इसके बाद जब इसका वेरिफिकेशन कराया गया, जहां छापेमारी की गई। एसीबी को भोमाराम के ठिकानों पर प्रॉपर्टी के दस्तावेज और बैंक लॉकर होने के दस्तावेज मिले हैं। एमडी भोमाराम का खींवसर में एक पेट्रोल पंप भी है। वहां भी एसीबी की टीम ने सर्च किया है। एसीबी के अधिकारी अब भोमाराम के पास मिले प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

### यह भी मिली थी शिकायत

पड़ताल में सामने आया कि पिछले साल पैक्स व्यवस्थापकों की भर्ती व नियमितीकरण से जुड़े मामले में धांधली हुई थी। भोमाराम उस समय जैसलमेर केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी और जोधपुर संभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार थे। हाईकोर्ट में स्टे के बावजूद नियम विरुद्ध जोधपुर संभाग सहित प्रदेश में पैक्स व्यवस्थापकों को उन्होंने स्थाई किया था। पैक्स व्यवस्थापकों के स्थाईकरण में भारी लेनदेन की एजेंसियों को सूचना मिली थी।

## राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस समारोह

# अपराध मुक्त राजस्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध: सीएम भजनलाल

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सीएम ने सेरेमोनियल परेड की सलामी ली। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और जवानों को पुलिस पदक प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएम शर्मा ने पुलिस महकमे के लिए तीन बड़ी घोषणाएं भी की। समारोह में सीएम शर्मा ने राजस्थान पुलिस कल्याण निधि के लिए 1.5 करोड़, राजस्थान पुलिस बेनेवलेंट फंड के लिए 1 करोड़ और उत्सव फंड में 1 करोड़ से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपए आवंटित करने की घोषणा की है। समारोह में दौरान भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' के ध्येय वाक्य के साथ राजस्थान पुलिस कर्मठता से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए सरकार लगातार कई बड़े फैसले ले रही हैं। इससे अपराध के आंकड़ों में गिरावट आई है। पेपरलीक मामले में एसआईटी जांच, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, महिला एवं दलित अत्याचार को कम करने सहित विभिन्न मामलों में कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। इससे काफी अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया गया है। 174 पुलिस थानों में भी महिला डेस्क की स्थापना कर महिला परिवादियों की सुनवाई सुनिश्चित हो रही है।



### साइबर क्राइम रोकने के लिए अत्याधुनिक तकनीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ अपराधों के तरीके बदल रहे हैं। इससे राजस्थान पुलिस भी खुद को लगातार आधुनिक बना रही है। पुलिस बल को आधुनिक हथियारों, फॉरेंसिक साइंस और साइबर अपराध की रोकथाम जैसी तकनीकों में दक्ष बनाने की घोषणा की है। समारोह में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, डीजी एसीबी प्रकाश मेहरड़ा, डीजी पुलिस एससीआरबी हेमन्त प्रियदर्शी, डीजी इंटेलिजेंस संजय कुमार अग्रवाल सहित पुलिस विभाग के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। समारोह के बाद आरपीए में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 163 पुलिसकर्मियों व अफसरों ने रक्तदान किया है।

**पुलिस बैंड ने दी प्रस्तुति:** स्थापना दिवस पर शाम 7 बजे जवाहर सर्किल पर पुलिस के बैंड द्वारा मधुर स्वर लहरियां बिखेरी। मधुर ध्वनी को सुनकर वहां से गुजर रहे वाहन चालक मंत्रमुग्ध हो गए।

## जरूरी खबर

### लाइट एंड साउंड शो में शामिल हुए राज्यपाल मिश्र



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र गुजरात के केवड़िया में बुधवार शाम को 'स्टैचू ऑफ यूनिटी' के लाइट एंड साउंड शो में शामिल हुए। उन्होंने विश्व की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा पर पड़ने वाली लेजर लाइट के माध्यम से उनके जीवन, राष्ट्र की आजादी में रहे योगदान, आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण से अखंड भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को दर्शाते इस शो की सराहना की। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे लौह पुरुष पटेल की प्रतिमा निर्माण कौशल का अद्भुत उदाहरण है।

### शिक्षा विभाग में भी विशेष भत्ते देने की उठी मांग

**जयपुर।** प्रदेश में टीएसपी, मरुस्थलीय जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों को विशेष भत्ता, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कार्मिकों को ग्रामीण भत्ता देने की मांग उठाई गई है। गौरतलब है कि इन दिनों विभागों में तबादला नीति तैयार करने का काम चल रहा है। ऐसे में शिक्षकों ने नई पॉलिसी में चिकित्सा शिक्षा की तरह शिक्षा विभाग में विशेष भत्ते देने के की मांग की है। राजस्थान में अभावग्रस्त 19 जिलों को लेकर चिकित्सा विभाग ने स्थानांतरण पॉलिसी में कुछ विशेष प्रावधान तय किए हैं। इस का स्वागत करते हुए राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि इसी प्रकार का प्रस्ताव राजस्थान राज्य में शिक्षा विभाग के लिए भी बनाया जाए।

### विद्यार्थी हितों के लिए काम कर रही सरकार: दिलावर



**जयपुर।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकार के लिए छात्र हित सर्वोपरि है। इसके लिए सरकार सराहनीय काम कर रही है। स्कूल के अध्यापकों से आग्रह किया गया है कि पढ़ाई के समय कक्षा के अंदर मोबाइल नहीं ले जाएं। मोबाइल फोन को संस्था प्रधान के पास रखना होगा। सिर्फ प्रिंसिपल का मोबाइल खुला रहेगा। उन्होंने कहा राजस्थान के अध्यापक बंधुओ ने इस बात को स्वीकार किया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। बुधवार को शिक्षा मंत्री धौलपुर जिले के दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने यहां बीजेपी कार्यालय पर अमृत महोत्सव को लेकर बीजेपी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की बैठक ली।

---

**फिलहाल सरकार के मंत्री नहीं होंगे शामिल, प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक का रहेगा समय**

# BJP मुख्यालय में आज से संगठन स्तर शुरू होगी जनसुनवाई

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के नतीजों के ठीक बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने जनसुनवाई करने का मानस बनाया है। गुरुवार से प्रदेश मुख्यालय पर आमजन की जनसुनवाई शुरू होगी। हालांकि, जनसुनवाई में फिलहाल सरकार के मंत्री शामिल नहीं होंगे।

पहले मंत्रियों के साथ में जनसुनवाई करने की भाजपा की योजना थी, लेकिन सरकार के स्तर पर मंत्रियों का शेड्यूल नहीं मिलने के चलते संगठन स्तर पर जनसुनवाई का निर्णय लिया गया है। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल दोपहर 12 से 2 बजे तक हर दिन जनसुनवाई करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में पार्टी के अन्य पदाधिकारी जनसुनवाई करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भी दिल्ली से लौटते ही अपने संसदीय क्षेत्र में जनसुनवाई का दौर भी शुरू कर दिया है।




भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर पार्टी मुख्यालय पर गुरुवार से आमजन की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई शुरू की जाएगी। यह जनसुनवाई प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक भाजपा प्रदेश मुख्यालय में की जाएगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश पदाधिकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय पर मौजूद रहकर आमजन से प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभाग और सरकार के स्तर पर समाधान करेंगे।

#### आमजन के हित में काम

गोठवाल ने कहा कि भजनलाल शर्मा सरकार जनता की सरकार है। प्रदेश की जनता में यह संदेश है कि आमजन की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद बेहद गंभीर हैं, इसलिए प्रदेश में लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही उन्होंने तुरंत सभी विभागों की बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर देश की जनता ने भरोसा किया और तीसरी बार उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया। शपथ ग्रहण के साथ ही केंद्र की सरकार बिना देर किए एक गति और अंत्योदय का भाव लेकर जनता की सेवा में जुट चुकी है। प्रदेश में भी सरकार लगातार आमजन के हित में हर दिन काम कर रही है। सरकार के संगठन स्तर पर भी आमजन को रहत देने का काम किया जाएगा।

#### पदाधिकारी सुनेंगे लोगों की पीड़ा

लोकसभा चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के बाद अब भाजपा आम जनता की बीच फिर से पकड़ मजबूत करने में जुट गई है। यही वजह है कि गुरुवार से प्रदेश मुख्यालय पर आमजन की जनसुनवाई शुरू होगी। हालांकि, जनसुनवाई में सरकार के मंत्री अभी शामिल नहीं होंगे। मंत्रियों के जनसुनवाई में शामिल नहीं होने के सवाल पर महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि अभी सभी मंत्री चुनाव से फ्री हुए हैं। कुछ समय अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में रहेंगे उसके बाद जल्द ही मंत्रियों का भी टाइम टेबल सेट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि जनसुनवाई में मंत्री हों, तब ही जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए। वो भी पार्टी के महामंत्री और विधानसभा सदस्य हैं, उनके दिए गए निर्देशों को अधिकारियों और कर्मचारियों को मानना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनता के हित में जो भी फैसले लेने होंगे वो सब संगठन और सरकार के स्तर पर लिए जाएंगे।

---

**स्टेट लेवल स्टेंडिग कमेटी की बैठक में मुख्य सचिव ने कहा...**

# राज्य में इंडो-पाक सीमा की सुरक्षा को और करें मजबूत

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि भारत-पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में घुसपैठ और नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना सभी एजेन्सी द्वारा साझा की जाए और आपसी समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में ड्रोन के माध्यम से तस्करी को रोकने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम, डेटा विश्लेषण के लिए एआई उपकरण, और महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में इंडो-पाक सीमा की सुरक्षा के लिए गठित स्टेट लेवल स्टेंडिग कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमियों की बिक्री के मामले में जागरूकता रखी जाए। इसके लिए राजस्व अधिकारियों को सेंसीटाईज़ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बीएसएफ, पुलिस एवं अन्य एजेन्सियों के बीच समन्वय बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों को डिस्ट्रिक लेवल स्टेंडिग कमेटी (डीएलएससी) की बैठक को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिए।



#### सीमा सड़कों पर लगाए जाएं कैमरे

मुख्य सचिव पंत ने बैठक में मौजूद जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमा सड़कों और भारतमाला-2 परियोजना सड़क पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाए। उन्होंने मादक द्रव्यों की तस्करी, सिंथेटिक दवाओं का निर्माण, अवैध खनन, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों में चोरी, औद्योगिकीकरण और रिफाइनरी के कारण आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस संजय अग्रवाल ने अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में घुसपैठ रोकने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि अवैध प्रवासियों को भारतीय पहचान दस्तावेज जारी करने वाली नेटवर्कों की पहचान और उन्हें बाधित करने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सीमा बाड़ परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने तथा सीमावर्ती गांवों में पुलिस थानों को स्थानीय समुदायों से जोड़ने के प्रयास करने के लिए भी कहा। अग्रवाल ने कहा कि साइबर स्पेस में हानिकारक सामग्री की पहचान और उसे रोकने के लिए उपकरण विकसित किए जाएं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा पर काम कर रही सभी एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएं।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन विभाग अपर्णा अरोरा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव समित शर्मा, शासन सचिव, गृह विभाग रश्मि गुप्ता, संयुक्त शासन सचिव गृह विभाग अपर्णा गुप्ता के अतिरिक्त बीएसएफ के अधिकारी, एनसीबी जोनल डायरेक्टर तथा एनएचएआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, फलौदी, श्री गंगानगर, अनूपगढ़ के जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित जिला अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

---

**जेडीए में हुई पीडब्ल्यूसी की बैठक**

# शहर के विकास को मिलेगी गति, 26 करोड़ रुपए स्वीकृत




**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विकास कार्य को लेकर जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में 26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। इससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। बैठक में जोन-14 स्थित सालिगरामपुरा में सड़क नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के लिए 2.45 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। विभिन्न सरकारी कार्यालयों के परिसर में प्लांटेशन एवं पौधा वितरण के लिए 6.49 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार बंबाला पुलिया, सांगानेर रेलवे स्टेशन, वाटिका रोड एवं सालिगरामपुरा के आस-पास के क्षेत्र में सीवरेज नेटवर्क स्थापित करने के लिए डीपीआर तैयार करवाने के लिए 2.86 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-12 ए में चक पीथावास उर्फ नारी का बास में जेडीए की योजना में विकास कार्य के लिए 2.45 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। न्यू सांगानेर रोड से वंदेमातरम रोड (100 फीट सेक्टर रोड) के विस्तार एवं सुदृढीकरण के लिए 6.26 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पीआरएन दक्षिण में पीएचडी द्वारा किए गए रोड कट मरम्मतीकरण के लिए 5.80 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

---

**पूर्व सीएम गहलोत ने स्पीकर पद को लेकर दिया बड़ा बयान**

# अलोकतांत्रिक कृत्य का इरादा नहीं तो दें सहयोगी दलों को स्पीकर पद

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकसभा स्पीकर पद को लेकर बड़ा बयान दिया है। अपने एक्स अकाउंट पर गहलोत ने केंद्र की मोदी सरकार को घेरते हुए लिखा कि यदि भाजपा के मन में अलोकतांत्रिक कृत्य का इरादा नहीं, तो स्पीकर का पद सहयोगी दलों को दिया जाए।



साथ ही उन्होंने एनडीए में भाजपा के सहयोगी दलों जनता दल यूनाइटेड और तेलुगु देशम पार्टी को कुछ उदाहरण देकर चेताया भी है। दरअसल, अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'लोकसभा स्पीकर पद के चुनाव की ओर केवल टीडीपी एवं जेडीयू ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता उत्सुकता से देख रही है।

यदि भाजपा के मन में आगे जाकर कोई भी अलोकतांत्रिक कृत्य करने का इरादा नहीं है, तो उन्हें स्पीकर का पद किसी सहयोगी दल को ही देना चाहिए।'

#### भाजपा को याद दिलाया गठबंधन धर्म

भाजपा को गठबंधन धर्म की याद दिलाते हुए इसी पोस्ट में अशोक गहलोत ने लिखा, 'गठबंधन धर्म को निभाते हुए 1998 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में तेलुगु देशम पार्टी व शिवसेना के स्पीकर और यूपीए सरकार में 2004 से 2009 तक सीपीआई (एम) के स्पीकर रहे और अच्छे से लोकसभा का प्रबंधन हुआ।

---

**मुख्यमंत्री की एक और बजट घोषणा को पूरा करने पर फोकस**

# धरातल पर उतरेगी पीएम ई-बस सेवा योजना

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए स्वायत्त शासन विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में 2024 के बजट में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 500 ई-बस की घोषणा की अनुपालना में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा को धरातल पर उतारने के लिए लिए ज़मीनी प्लान तैयार किया जा रहा है।



इसके लिए भूमि आवंटन एवं सिविल-विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिए बैठक ली और अधिकारियों को डीपीआर बनाने के निर्देश जारी किए। प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि आवंटन जल्द से जल्द किया जाए। विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की डीपीआर के लिए उन्होंने गुरुवार शाम तक का टारगेट तय करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत जयपुर के लिए 150 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें व जोधपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर शहर प्रत्येक के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसों के उपायन किए जाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किए जा चुके हैं। साथ ही डिपो के लिए भूमि आवंटन का कार्य प्रक्रियाधीन है। योजना की गाइडलाइन के अनुसार नवीन डिपो निर्माण हेतु 60 फीसदी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 100 फीसदी केंद्रीय सहायता प्राप्त होगी। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक सुरेश ओला, वित्तीय सलाहकार महेंद्र मोहन व जिला परिषद और प्रदेश के अन्य यूआईटी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े, जिनहें प्रमुख शासन सचिव ने निर्देशित किया।

---

**सरकारी नलकूप में घटिया पाइप लगाने का मामला**

# सहायक और कनिष्ठ अभियंता को किया निलंबित

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के मुरलीपुरा क्षेत्र में वैद्य जी का चौराहा स्थित विश्वामित्र नगर में बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में जलदाय विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर सहायक अभियंता उषा चौधरी और कनिष्ठ अभियंता अक्षय कुमार मीना को निलंबित कर दिया है।

दोनों अभियंता पीएचईडी नगर उपखण्ड-द्वितीय (उत्तर) कार्यालय में कार्यरत हैं। दरअसल, मुरलीपुरा के विश्वामित्र नगर में राजकीय नलकूप का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से घटिया पाइप लगा दिए गए थे। जब पाइपों को बाहर निकला गया, तो मामले का खुलासा हुआ। पाइप घटिया क्वालिटी के लगाए गए थे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत (उत्तर) के अधीन यह क्षेत्र आता है। विभाग को राजकीय नलकूप के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने की शिकायत मिली थी। विभाग के मुख्य अभियंता (प्रशासन) की जांच रिपोर्ट एवं प्रशासनिक टिप्पणी के अनुसार इसे गंभीर अनियमितता माना गया। राजकीय धनराशि के दुरूपयोग एवं विभाग की छवि धूमिल किए जाने के लिए इस मामले में सहायक अभियंता ऊषा चौधरी और कनिष्ठ अभियंता अक्षय कुमार मीना को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया।




#### निलंबनकाल में ये रहेगा मुख्यालय

ऊषा चौधरी का निलबंन अवधि में मुख्यालय शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शासन सचिवालय के कार्यालय में रहेगा। वहीं, कनिष्ठ अभियंता अक्षय कुमार मीणा का मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत दौसा रहेगा। राज्य सरकार राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1958 के नियम-13 के तहत दोनों को निलंबित किया गया है।

#### क्षेत्र में है पेयजल की भारी किल्लत

आपको बता दें कि मुरलीपुरा क्षेत्र भी जयपुर के उन इलाकों में शामिल है, जहां पानी की किल्लत है। आम जन पानी को लेकर परेशान हैं। यहां भी पर्याप्त मात्रा में पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है। यहां के निवासी अधिक दामों पर टैंकर से पानी लेने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी आए दिन पानी को लेकर धरना प्रदर्शन करते हैं। इसके बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

---

**चाकसू के कोथून रोड पर हुआ हादसा**

# दो बाइक की टक्कर में छह लोग गंभीर घायल

**चाकसू।** कस्बे के कोथून लालसोट रोड पर बुधवार की शाम को दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 जने घायल हो गए। सभी घायलों को टोल प्लाजा की एम्बुलेंस से चाकसू उपजिला अस्पताल में लाया गया, जहां सभी की हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया गया।

हादसे में घायल छोटूलाल बैरवा व पत्नी पिंकी बैरवा निवासी बास परसा तहसील बोंली, वहीं रिश्तेदार रोहिताश, 5 वर्षीय बच्ची साक्षी, दूसरा बाइक सवार अनोन बताया जा रहा हैं। ये लोग अपनी बाइक पर गांव से जयपुर की तरफ आ रहें थे, जबकि दूसरा बाइक सवार तुर्किया लालसोट की तरफ जा रहा था। इस दौरान दोनों की बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दंपती के पैर में पैक्चर हो गया। जबकि दूसरे बाइक सवार की भी हालत गंभीर बताई जा रही है।



**जरूरी खबर**

### एसआई भर्ती पेपरलीक का मास्टरमाइंड पकड़ा



**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के हिंदी व सामान्य ज्ञान के पेपर को लीक करने वाले मास्टरमाइंड को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजू मैट्रिक्स ने ही पौरव गैंग को पेपर की फोटो भेजी थी। इससे पहले शुक्रवार को 3 ट्रेनी एसआई सहित पेपर लीक करने वाले व पेपर सॉल्व करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कालेर गैंग ने 13 सितंबर 2021 को बीकानेर की रामसहाय आदर्श सेकंडरी स्कूल से हिंदी और जीके का पेपर परीक्षा से पहले लीक किया था। गैंग ने पेपर सॉल्व कराकर 10-10 लाख में बेचा था। कालेर की गिरफ्तारी के बाद से एसओजी गैंग के मेंबर्स को पकड़ रही है।

### चौंप क्रिकेट स्टेडियम से जुड़े दस्तावेज गायब

**जयपुर।** आरसीए की एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष जयदीप बिहानी ने पूर्व कार्यकारिणी पर चौंप गांव में बनने वाले स्टेडियम को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- नए स्टेडियम के निर्माण और आरसीए के भुगतान से संबंधित कई महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट गायब हैं। इसमें पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं। बिहानी ने इसकी शिकायत खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से करने की बात कही है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का खेल परिषद से एमओयू खत्म होने के बाद फरवरी महीने में आरसीए पर ताले लगा दिए गए थे। आरसीए की एडहॉक कमेटी ने खेल परिषद के साथ राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के ऑफिस को फिर से खुलवाया। रिकॉर्ड की जांच की गई तो बड़ी संख्या में एसोसिएशन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब मिले।

**जयपुर विकास प्राधिकरण की जोन-12 में कार्रवाई**

# चौदह बीघा भूमि से तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 14 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया।

जोन-1 व 2 में नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत रामनिवास बाग से घाट गेट, घाट की गुणी, ट्रांसपोर्ट नगर, आरएसी लाइन 5 तक करीब 4 किमी. तक रोड सीमाओं को कब्जा मुक्त करवाया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम निवेडा जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति भूमि समतल कर 'जानकी विहार' के नाम से रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त हुई।

इस पर प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।



#### सरना डूंगर में 'राधे धाम' तोड़ा

जेडीए द्वारा जोन-12 में ग्राम सरना डूंगर फैक्ट्री एरिया के पास करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर व्यावासयिक उद्देष्य से 'राधे धाम' के नाम से रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदीवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी/फैक्ट्री एरिया बसाने की सूचना मिली थी। इस पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

#### 'मां वैष्णो विहार' ध्वस्त

इसी प्रकार जोन-12 में ग्राम हरमाड़ा दौलतपुरा में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर भूमि को समतल कर 'मां वैष्णो विहार' के नाम से रातों-रात मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, 8-8 फीट ऊंची बाउन्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना मिली थी। प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

#### रोड सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त

साथ ही नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-1, 2 में रामनिवास बाग से घाट गेट, घाट की गूणी, ट्रांसपोर्ट नगर, आरएसी लाइन 5 तक करीब 4 किमी. तक अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान करीब 60 स्थानों पर लगाए गए थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि हटवाया गया। यह कार्रवाई नगर निगम का जाप्ता व यातायात पुलिस जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।

**जयपुर स्मार्ट सिटी के विम्स पोर्टल से टेंडर प्रक्रिया होगी ऑनलाइन**

# अब ऑनलाइन पोर्टल से करेंगे सार्वजनिक कार्यों का निरीक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के विकास और प्रगति के लिए सार्वजनिक कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा ऑनलाइन पोर्टल से की जाएगी। जयपुर स्मार्ट सिटी की ओर से बनाए गए विम्स पोर्टल पर हेरिटेज निगम के सभी टेंडर्स की निगरानी की जाएगी। इस पोर्टल पर टेंडर से संबंधी सभी जानकारी ऑनलाइन रहेंगी, जिसकी उच्च अधिकारी भी मॉनिटरिंग कर सकेंगे। पोर्टल पर हेरिटेज निगम ने काम करना भी शुरू कर दिया है।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि विम्स ( वर्क इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम ) पोर्टल के जरिए अब हेरिटेज निगम के टेंडर संबंधी सारे कार्य किए जाएंगे। इस पोर्टल से किसी भी परियोजना का एस्टीमेट बनाना, प्रशासकीय एवम वित्तीय स्वीकृति देना, तकनीकि स्वीकृति देने से लेकर कार्यादेश और भुगतान प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो सकेंगी। साथ ही पोर्टल के माध्यम से दिन प्रति दिन सभी प्रोजेक्ट की उच्च स्तर पर ही मॉनिटरिंग की जाएंगी। इनमें काम की गुणवत्ता, मेजरमेंट्स चैक करना, बिलिंग और भुगतान भी किए जा सकेंगे। पोर्टल के जरिए ही किसी भी प्रोजेक्ट की कार्य प्रगति के दौरान कार्य स्थल से ही ऑनलाइन तरीके से भौतिक और वित्तीय प्रगति का निरीक्षण भी किया जा सकेगा।




#### हर रोज की जाएगी मॉनिटरिंग, नहीं हो सकेगी छेड़छाड़

विम्स पोर्टल पर नगर निगम के सभी अधिकारी जुड़े रहेंगे। किसी भी काम की अपडेट सभी अधिकारियों को इसी पोर्टल के माध्यम से डाली जाएगी। इस पोर्टल से हेरिटेज निगम आयुक्त और अधीक्षण अभियंता रोज कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग करेंगे। इससे किसी भी ई फाइल के साथ छेड़ छाड़ नहीं सकेगी।

## स्कूलों में रखा जाए स्वच्छता का एक पीरियड

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर ने स्कूलों में स्वच्छता का एक पीरियड जोड़ने की मांग की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन के जरिए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से कक्षा 1 से 5 तक इसे लागू किया जाए, ताकि बच्चे बचपन से ही स्वच्छता का महत्व समझ सकें। दरअसल, मेयर बीते दिनों वर्ल्ड सिटी समित 2024 में शामिल होने के लिए सिंगापुर गई थी। वहां की स्वच्छता देखकर राजस्थान को भी सिंगापुर की तरह स्वच्छ रखने के लिए पहल की।



मेयर ने बताया कि सिंगापुर जाकर वहां के स्थानीय लोगों से भी बात की थी। वहां स्कूल से ही बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाता है। वहां स्वच्छता की सीख एक जन्म घुट्टी के रूप में दे दी जाती है। सिंगापुर के लोग सोचते भी नहीं है कि कचरे को कभी बाहर फेंके। मेयर ने कहा कि ऐसे में जब राजस्थान में भी बच्चे स्वच्छता को आत्मसात करेंगे, तो वह अपने बड़ों को भी कचरा फैलाने से रोकेंगे। मेयर ने कहा- स्वच्छता का पाठ यदि बचपन में ही पढ़ लिया जाए। तो स्वच्छता आदत और व्यवहार में शामिल हो जाती है। जिससे अपने शहर, गांव, प्रदेश और देश को स्वच्छ बनाए रखा जा सकता है। शिक्षामंत्री ने इस सकारात्मक रुख अपनाते हुए अधिकारियों से चर्चा के बाद फैसला लेने की बात कही है।

**इंटर्नशिप की कर रहे मांग**

## विदेश से पढ़कर आए स्टूडेंट्स ने दिया धरना पुलिस से हुई झड़प




**बेधड़क | जयपुर**

फॉरेन ग्रेजुएट मेडिकल स्टूडेंट्स चिकित्सा शिक्षा भवन पर प्रदर्शन किया। इन स्टूडेंट्स के साथ देने एबीवीपी के वरुण प्रताप, निहाल बुढली, केशव पारीक सहित कई कार्यकर्ता भी पहुंचे।

स्टूडेंट्स का कहना था कि इन्होंने एफएमजी एग्जाम जो कि विदेश से पढ़ कर आने वाले स्टूडेंट्स के लिए पास करना अनिवार्य होता है। वह पास कर लिया है इसके बाद इनको इंटर्नशिप के लिए कॉलेज अलॉट की जाती है। 1136 में से 766 कैंडिडेट्स को सीट अलॉट हुई है, 370 स्टूडेंट को सीट अलॉट नहीं हुई है। इन स्टूडेंट का कहना है कि अगर समय पर इन्हें इंटर्नशिप के लिए कॉलेज अलॉट नहीं हुई तो फिर इनका अगले साल नीट पीजी एग्जाम 2025 नहीं दे पाएंगे। स्टूडेंट का कहना है कि प्रशासन से बार-बार संपर्क करने पर एक ही जवाब दिया जाता है कि फाइल हेल्थ मिनिस्टर के पास भेज दी है। वहां से अप्रूव होते ही आपके इंटर्नशिप का नोटिस निकाल दिया जाएगा। अभी तक इंटर्नशिप के लिए कॉलेज भी अलॉट नहीं हुए हैं। स्टूडेंट चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर से भी मिले थे, लेकिन अभी तक उनका काम नहीं हुआ है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर जुर्माना वसूला**

## सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डालने पर नोटिस

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर की मालवीय नगर जोन की टीम ने बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला एवं 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डालने वाले 13 मकान, प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर 47 हजार 900 रुपए जुर्माना राशि वसूली। झोटवाड़ा जोन की टीमों द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 2 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूल कर 14 किलो से भी अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की। इसके अतिरिक्त गंदगी फैलाने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डालने वाले 7 मकान एवं प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर मौके पर ही 33 हजार 900 रुपए जुर्माना राशि वसूल की।



इसके साथ ही झोटवाड़ा जोन की टीम द्वारा वार्ड नं. 61 टैगोर नगर, वैशाली नगर, अजमेर रोड पर सरकारी रोड पर पक्का निर्माण कर रास्ते को अवरुद्ध करने पर उस अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

#### महिला मंडल ने बांटी बधाई



*जयपुर। श्री खोले के हनुमान मंदिर में श्रीरामजी का पाटोत्सव कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को माया मिश्रा व रुक्मणी देवी के संयोजन में महिला मंडल बदनपुरा द्वारा भजन व बधाई गीत प्रस्तुत किए गए। शाम 7 बजे सुमरिन कंडीरा के संयोजन में रामानंदीय वैष्णव सम्प्रदाय मंडल की ओर से भजन प्रस्तुत किए गए।*

**खेल मंत्री ने किया केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन**

# रोजाना की ट्रेनिंग को कॉम्पिटिशन के रूप में लें तो कदम चूमेगी सफलता

**बेधड़क | जयपुर**

'एक खिलाड़ी को बुलन्दी छूने के लिए जरूरी है कि वह लक्ष्य को मद्देनजर रखते हुए अनुशासन के साथ कड़ी महनत करे। अपनी हर रोज की ट्रेनिंग को एक कॉम्पिटिशन के रूप में ले तो सफलता उनके कदम चूमेगी।' यह बात खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सवाई मानसिंह इनडोर स्टेडियम में 20 दिवसीय 64वें केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन पर खिलाड़ियों से यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब खिलाड़ी घर से बाहर निकलता है तो उसे एक नया वातावरण मिलता है, उससे निपटना होता है और उसके अनुरूप अपने आप को ढालना पड़ता है। यह एक खिलाड़ी की शुरूआत होती है, जहा से उसे अपने आप को एडजस्ट करना होता है।



#### खिलाड़ी को कभी हार नहीं माननी चाहिए

राठौड़ ने कहा कि शिविर में आपको फिजिकल, मेंटली तौर पर स्ट्रोन्ग होना होता है। कोच से आपको सीखना होता है। यही से खिलाड़ी में आत्मविश्वास पैदा होता है। उसे आगे बढ़ने के लिए सब कुछ भूल जाना होता है। उसे केवल एक ही चीज दिखती है कि भारत के लिए खेलना है और जर्सी के पीछे इंडिया लिखवाना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप एक असली चैम्पियन थे, उन्होने कभी हार नहीं मानी। खेल में भी ऐसा ही है कि खिलाड़ी को कभी हार नहीं माननी चाहिए।

#### खिलाड़ियों से हुए रूबरू

राठौड़ ने बताया कि जीतता वही है, जिसे अपने प्रतिद्धन्दी के बारे में पता हो। वह कैसे खेलता है। कैसे तैयारी करता है। कैसे रहता है और मैदान में वह क्या करता है। यह सब चीजें एक खिलाड़ी को अपने प्रतिद्धंद्वी से खेलने में फायदा पहुंचाती है। बाड़मेर के मोहित कुमावत के सवाल पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को आत्मविश्वास तब आता है जब वह हजारों घंटों की ट्रेनिंग करता है। खिलाड़ियों के बाद उन्होंने प्रशिक्षकों से भी भेंट की और ट्रेनिंग के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य खिलाड़ियों के सवालों के जवाब भी दिए और उन्हें मोटिवेट किया।

#### खिलाड़ियों ने किया स्वागत

कैम्प का उद्घाटन करने के बाद खेल मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय तरणताल और ऑलवेदर स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया। इससे पूर्व खेल परिषद के सचिव सोहन राम चौधरी ने शिविर के बारे में जानकारी दी। खिलाड़ियों ने कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का स्वागत किया। इस मौके पर खेल परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

## जरूरी खबर

### पुलिस ने वाहन चालकों को किए हेलमेट वितरित



**डीडवाना।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 10 से 13 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस की ओर से मुख्यालय डीडवाना पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा, वृत्त अधिकारी डीडवाना धरम पूनिया और थानाधिकारी नंदलाल रणवा ने खुद अपने हाथों से वाहन चालकों को हेलमेट बांटे।

### 8 वर्षीय बालिका को डंपर ने कुचला मौके पर हुई मौत

**झालावाड़।** जिले के सुनेल पिड़ावा रोड पर सेमला गांव में एक तेज रफ्तार डंपर ने रोड क्रॉस कर रही एक 8 वर्षीय बालिका को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। सुनेल थानाधिकारी विष्णु सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की निवासी 8 वर्षीय वैष्णवी शर्मा सेमला गांव में उसकी बुआ के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई हुई थी। बुधवार दोपहर को सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार डंपर ने बालिका को कुचल दिया। हादसे में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई।

### क्रिकेट पर करोड़ों की सट्टेबाजी का आरोपी गिरफ्तार



**कोटा।** शहर पुलिस ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच पर लगाए जा रहे करोड़ों रुपए के सट्टे के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एप्लीकेशन व सॉफ्टवेयर हॉर्स रेसिंग बनाकर सट्टे की खाई वाली कर रहा था। उद्योग नगर थाना पुलिस ने थेकड़ा कंसुआ इलाके के एक मकान में यह कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि सूचना के बाद मकान में दबिश दी। इस दौरान मौके से टी-20 वर्ल्ड कप में कनाडा वर्सेस पाकिस्तान के मैच पर ऑनलाइन सट्टे की खाई वाली करते हुए 36 वर्षीय मोहम्मद रुस्तम पुत्र जलाल अहमद को गिरफ्तार किया गया।

**दो महीने से नलों में नहीं आ रहा पानी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने की समझाइश**

# पानी के लिए महिलाओं ने सड़क पर किया मटका फोड़ प्रदर्शन

**बेधड़क** | अलवर

भीषण गर्मी के चलते अलवर जिले में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। पानी की मांग को लेकर अब शहर वासी रोड जाम, मटका फोड़ प्रदर्शन और टंकी के ऊपर चढ़कर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो गए हैं।

बुधवार सुबह अलवर वार्ड संख्या 53 आजाद नगर में पानी की समस्या के चलते स्थानीय लोगों ने 60 फीट रोड पर जाम लगा दिया और मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते करीब 1 घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया।



समझाइश के बाद और पानी मिलने के आश्वासन के बाद महिलाएं धरने से हटी और यातायात सुचारू हुआ। स्थानीय निवासी आकाश नागर ने बताया कि करीब 2 महीने से नलों में पानी नहीं आ रहा है, यदि बोरिंग में पानी कम है, तो पाइप बढ़ा कर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करवाना जलदाय विभाग का काम है। स्थानीय निवासियों की ओर से जलदाय विभाग के अधिकारियों को लिखित पत्र देकर अवगत कराया गया एवं निवेदन किया गया, लेकिन इसके बावजूद भी पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है।

नागर ने कहा कि ऐसी भयंकर गर्मी में मोहल्लेवासियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पानी की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। महिलाओं को दूर-दराज के क्षेत्र से पानी लाना पड़ रहा है। इसके चलते आज मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन किया गया।

### ट्रैंकर से सप्लाई के दौरान होते हैं झगड़े

स्थानीय निवासी आकाश ने बताया कि पानी की समस्या हमारे क्षेत्र में कई दिनों से चल रही है। जलदाय विभाग की ओर से जो सरकारी टैंकर भिजवाए जाते हैं। उसमें पानी को लेकर लड़ाइयां होती है। इसके चलते लोग पानी भरने से बचते हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया है। इसके चलते यह विरोध प्रदर्शन बंद किया गया, यदि जल्द ही पानी की समस्या का निवारण नहीं हुआ, तो फिर से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### जिला कलेक्टर ने किया शहर का दौरा

अलवर जिले में बढ़ती पेयजल समस्या के निवारण के लिए जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता एक बार फिर मंगलवार को शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचे। स्थानीय लोगों से उन्होंने घरों में पेयजल आपूर्ति को लेकर बात की। लोगों ने उन्हें बताया कि उनके घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कलेक्टर ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति को सुचारु करने के लिए कहा। कलेक्टर आशीष गुप्ता ने निर्देश दिया कि पेयजल समस्या की निवारण के लिए अधिकारी तत्पर पर होकर कार्य करें, जिससे कि शहर वासियों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। हालांकि, जिला कलेक्टर इससे पहले भी दौरा कर चुके हैं। इसके बाद भी पानी की समस्या जस की तस शहर में बनी हुई है।

**बाड़मेर व चित्तौड़गढ़ पुलिस लाइन में मनाया स्थापना दिवस**

# श्रेष्ठ सेवा के लिए पुलिसकर्मी व मददगारों को किया सम्मानित

**बेधड़क** | बाड़मेर

राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस बाड़मेर पुलिस ने बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

बाड़मेर पुलिस लाइन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिसकर्मी उत्तम सेवा चिह्न और पुलिस की मदद करने वाले कई लोगों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान भव्य पुलिस दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें संदीप सिंह उप अधीक्षक पुलिस, वृताधिकारी रामसर के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों की ओर से परेड की सलामी दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने सभी नागरिकों और पुलिस कर्मियों को 'राजस्थान पुलिस दिवस' की बधाई और शुभकामनाएं दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने बताया कि इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक की ओर से पुलिस विभाग में कर्तव्य, निष्ठा एवं सराहनीय सेवा के लिए 29 पुलिस अधिकारियों व जवानों को उतम सेवा चिह्न मय प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर पुलिस लाइन में पुलिस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पुलिस की ओर से किए गए अच्छे कार्य, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था, आधुनिक हथियार, साइबर क्राइम और साजो सामान आदि का प्रदर्शन किया गया।



### सहयोगियों को भी नवाजा

एएसपी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ऐसे आमजन, जिन्होंने सहासिक कार्य करते हुए लोगों के जीवन रक्षा या किसी घटना,दुर्घटना में पुलिस को सहयोग प्रदान करने वाले राजेन्द्र सिंह चौहान, पवन किरी, महावीर चौयल, सवाई राम मेघवाल, बाबूलाल गांधी, डालूराम, भाखरसिंह, खेतुदेवी, सोनाराम पोटलिया, हरेन्द्र कुमार, घमण्डीराम विश्नोई को प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधिकारी और जवानों की ओर से पौधारोपण किया गया। एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों की ओर से रक्तदान किया गया।

### कानून व्यवस्था के लिए संकल्पबद्ध होकर तत्परता से कार्य कर रही पुलिस

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस बुधवार को पुलिस लाइन में मनाया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने कहा कि राजस्थान पुलिस अपनी गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप कानून व्यवस्था, शांति एवं सद्भाव को बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। पुलिस के जवानों ने नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के लिए अनेक अवसरों पर त्याग एवं बलिदान के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। पुलिस की कार्य प्रणाली में निरंतर सुधार लाने के साथ ही आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य कर पुलिस और निरंतर जनमित्र की भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। इस मौके पर सराहनीय कार्य करने वाले 40 पुलिसकर्मियों का सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक जोशी ने परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर अनिल पांडे संचित निरीक्षक के नेतृत्व में सलामी दी गई। बाद में कर्तव्य निष्ठा एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 10 वर्ष की लगातार बेदाग सेवा पूर्ण करने पर जिले के 13 पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिह्न, 05 को अति उत्तम सेवा चिह्न, 19 को उत्तम सेवा चिह्न एवं 3 पुलिस कर्मी को डीजीपी डिस्क तथा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कलेक्टर व आईजी से लगाई गुहार**

## मंदिर और जमीन पर कब्जा जमाने के लिए पुजारी परिवार पर हमला



**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में वैर उपखंड के गांव गोठरा में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जमीन और मंदिर पर कब्जा करने की नीयत से पुजारी परिवार के साथ मारपीट कर भगाने का एक मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने जिला कलेक्टर कार्यालय एवं आईजी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें मंदिर वापस नहीं दिलवाया जाता, तब तक वह यहीं रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कहना है कि करीब 300 से अधिक असामाजिक तत्वों के द्वारा उन पर हमला किया गया, लेकिन वैर पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो उनकी जान भी जा सकती थी। इसलिए उन्हें गांव में सुरक्षा के साथ भेजा जाए। पीड़ित वीरेंद्र पुजारी ने बताया कि उनका परिवार 150 साल से वैर थाना क्षेत्र के गांव गोठरा में रह रहा है। वह जाति से पुजारी हैं और गांव में स्थित श्री नरसिंह भगवान के मंदिर के पुजारी हैं। मंदिर के नाम करीब 20 बीघा जमीन है। यही वजह है कि गांव के कुछ असामाजिक तत्व मंदिर को तोड़कर मैरिज होम या धर्मशाला बनाने के साथ 20 बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। वे आए दिन हम लोगों को परेशान करते हैं। मंगलवार के दिन शाम को करीब 300 से अधिक लोगों ने मिलकर परिवार पर हमला कर दिया और जिसमें हम लोग बाल-बाल बचे। पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस समय पर पहुंची हम लोगों को सुरक्षित बाहर निकलवा कर लाई। अब हम लोग कल से ही दर-दर की ठोकरें खाते हुए इधर से उधर फिर रहे हैं। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव एवं आईजी राहुल प्रकाश ने आश्वासन दिया है कि स्थानीय प्रशासन को जल्द अवगत कराकर मंदिर से लोगों को हटाकर इन्हें वापस दिलाया जाएगा और सुरक्षा के साथ इन्हें गांव भेजा जाएगा।

**स्थानीय लोगों ने पानी-बिजली सहित बताई कई परेशानी**

## विधायक ने सुनी जनसमस्याएं

**बेधड़क** | चाकसू

क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने बुधवार को चाकसू में निजी निवास स्थान पर जनता की जनसुनवाई की। लोगो ने विधायक को बिजली, पानी सहित कई समस्याओं से अवगत करवाया।

इस पर विधायक बैरवा ने ग्रामीणों की समस्याओं का हाथों-हाथ निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक बैरवा ने कहा कि चाकसू के विकास के लिए और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मेरे घर के द्वार लोगों के लिए सदा खुले हैं। वहीं क्षेत्रवासियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर विधायक का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। जन सुनवाई के दौरान सवाई माधोसिंहपुरा सरपंच रामजीलाल यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, अब्दुल हमीद डैडी, हनीफ मास्टर सहित कई ग्रामीणजन मौजूद थे। इधर, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि विधायक रामावतार बैरवा ने चाकसू कस्बे में जल व्यवस्था के लिए 84 टेंकर की फिर से स्वीकृति दिलाकर जनता को राहत पहुंचाई हैं। बीच में इनमें 40 टेंकर बंद कर दिए गए थे।



**राजेंद्र राठौड़ ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण, बोले...**

## सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध

**बेधड़क** | चूरू

घंटेल में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरलाल सहारण ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति सदस्य विक्रम सिंह कोटवाद, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला परिषद् सदस्य संपत सिंह राठौड़, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी एवं विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़ थे।

इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है और इसके लिए आने वाले समय में विकास कार्य करवाकर गांव को और भी समृद्व किया जाएगा। उन्होने कहा कि घंटेल ग्राम पंचायत में इस सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को लाभ होगा। उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार और प्रदेश की भजनलाल शर्मा की सरकार किसानों की समृद्वि के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए संकल्पबद्व है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आने वाले समय में किसी भी प्रकार से विकास की कमी नही रहने दी जाएगी। उन्होने किसानो को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार उन्हे यथोचित सम्मान दे रही है। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य विक्रम कोटवाद, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, जिला परिषद सदस्य संपत सिंह राठौड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सरपंच नवल राठौड़ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल ने किया।



**वन, खनन विभाग और पुलिस का संयुक्त अभियान**


# खनन माफिया के खिलाफ प्रशासन सख्त, 6 डंपर जब्त

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले के भीलवाड़ी स्थित रूनजी इलाके में वन व खनन विभाग तथा पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाते हुए गिट्टी तथा एमसेंड से भरे 6 डंपरों को जब्त किया है। तीनों विभागों के इस संयुक्त अभियान के बाद जिले के क्रशर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

गत कई दिनों से वन, खनन और पुलिस विभाग की ओर से जिले में अवैध रूप से गिट्टी, एमसेंड, बजरी और मिट्टी के उत्खनन और परिवहन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा था। इससे एक दिन पहले ही मंगलवार को झालावाड़ के जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने वन, खनन और परिवहन तथा पुलिस की संयुक्त बैठक लेकर जिले में बिना परमिट तथा आवरलोड रूप संचालित किए जा रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

जिला कलेक्टर ने मंगलवार को मिनी सचिवालय में एसआईटी तथा खान विभाग द्वारा समय-समय पर बजरी व अन्य खनिज के अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की थी। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जिले में बजरी के अवैध खनन व परिवहन पर चिंता जाहिर की थी। इस दौरान उन्होंने वन, खनन, परिवहन तथा पुलिस विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



### खान विभाग ने वसूला 21 लाख का जुर्माना

खान विभाग के सहायक खनि अभियंता देवीलाल बंशीवाल ने बताया कि 1 अप्रेल से अब तक समस्त खनिज पर 26 प्रकरणों में 15.22 लाख रुपए तथा खनिज बजरी पर की गई कार्रवाई में 12 प्रकरणों के तहत 8.98 लाख रुपए की राशि वसूल की गई है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर से मिले निर्देशों के बाद अवैध रूप से बिना परमिट ओवरलोड चल रहे डंपर पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध खनन को लेकर राज्य सरकार हुई सख्त

राज्य सरकार द्वारा 11 से 25 जून तक बजरी के अवैध खनन, निर्गमन व भण्डारण पर रोक लगाने के संबंध में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान राज्य सरकार ने खान विभाग, पुलिस विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध खनन पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए थे।

**थानाधिकारी से मिला BJP प्रतिनिधिमंडल**

## चोरी की वारदातों के खुलासे की उठाई मांग

**बेधड़क** | चाकसू

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने चाकसू थानाप्रभारी कैलाश दान से मिला एवं चाकसू में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण लगाने सहित अन्य मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की।

विगत एक दो महिनों में ही सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों से असामाजिक तत्वों ने जल चढ़ाने के रामसागर, पीतल की घंटियां, झालर पार कर ली, कुछ दिन पहले ही चाकसू प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खॉल के बालाजी आश्रम के भोजनालय के बर्तन पार कर ले गए। अनेक मकानों से गैस सिलेंडर तक उठा ले गए। इन वारदातों में आवारा, नशेडी लोगों के शामिल होने अधिक संभावना हैं। इन मामलों में आशानुसार कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल मंडल ने थानाप्रभारी ने बताया कि पुलिस बल इन सभी वारदातों की बड़ी गंभीरता से जांच कर रहा है। कुछ सुराग भी लगे हैं जिससे आरोपियों को पकड़ने में जल्द ही सफलता मिलेगी। सड़कों पर अतिक्रमण एवं वाहनों की समस्या का समाधान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बातचीत करके निकाला जाएगा। चुनाव प्रतिनिधि मंडल में अमित बाहेती, पूर्व पार्षद परमजीत सिंह, चंदन सिंह गुर्जर, रामबाबू गोडीवाल सूरज मल राणावत आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान ललित कला अकादमी में कला शिविर का आयोजन

# श्रद्धांजलि के रूप में कैनवास पर उकेरी कलागुरु की यादें

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान ललित कला अकादमी में देशभर के कलाकार और स्कूल ऑफ आर्ट्स के पूर्व स्टूडेंट कलागुरु सुरेंद्रपाल जोशी को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मंच पर आए। इस दौरान कलाकारों ने 'पर्यावरण जागरूकता' और 'रक्तदाता आपका आभार' जैसे सामाजिक जागरूकता विषय पर कला शिविर में कलाकृतियों निर्मित की कलाकृतियों की प्रदर्शनी वहीं गुरुवार शाम को लगाई जाएगी। इससे पहले कलागुरु की श्रद्धांजलि सभा कला चर्चा ट्रस्ट, भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट और राजस्थान ललित कला



अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हुई। कार्यक्रम में संगीता सुरेन्द्रपाल जोशी, कलाविद सुब्रतो मंडल, गोपालस्वामी खेतांची, विनय शर्मा, भावना सक्सेना, भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट से मुकेश ज्वाला, नीरू खंगारोत, रक्तकोश फाउंडेशन से नितिशा शर्मा, सतवीर भास्कर और रोहित शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया। कलाकारों ने सुरेंद्रपाल जोशी को पुष्पांजलि अर्पित की।

### 40 से ज्यादा कलाकारों ने बनाई कलाकृतियां

एक दिवसीय कला शिविर में इंदौर से हरिओम पाटीदार, दिल्ली से किशोर मीणा, तरू सक्सेना, जयपुर से विनय शर्मा, अजय दर्शन सिंह, सुरजीत सिंह, मोनिका देवी, डॉ. रेणु शाही राजवंश, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, भावना सक्सेना, नीलम नियाजी, नीलू कांवरिया, वीरनाराण आर्य, रितिक पटेल, अभिषेक शर्मा, प्रियंका, हिमाक्षी शर्मा, निधि शर्मा, अन्जू शर्मा, प्रदीप शर्मा पूजा भारद्वाज, बीकानेर से नवीन स्वामी, दौसा से लक्ष्मीकांत शर्मा, अजमेर से अस्मिता शर्मा, अलवर से तुलसीराम योगी, टोंक से अजय मिश्रा, देहरादून उत्तराखण्ड से सुरेन्द्र सिंह सहित 40 से अधिक कलाकारों ने कलाकृतियों का निर्मित किया। कलाकारों ने कैनवास पर चित्रों को उकेरा।



### युवा कलाकारों किया जाएगा सम्मानित

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की ओर से साल 2024 से प्रतिवर्ष चयनित प्रतिभाशाली युवा कलाकार को स्व. सुरेन्द्र पाल जोशी के परिवार की ओर से स्मृति युवा सृजन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के प्रति चयन समिति की अनुशंसा पर 11 हजार रुपए श्रीफल, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कला शिविर के सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शिविर में तैयार श्रेष्ठ तीन कलाकृतियों को 51 सौ रुपए सृजन सम्मान के तौर पर प्रदान किए जाएंगे।

### उत्तरायण कला प्रदर्शनी आज

इन तैयार कलाकृतियों की उत्तरायण नामक कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसका गुरुवार शाम 5 बजे उद्घाटन किया जाएगा। प्रदर्शनी 13 से 15 जून तक राजस्थान ललित कला अकादमी की आधुनिक कला दीर्घा में आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। 15 जून को कला प्रदर्शनी का समापन और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज

### इंटर्नशिप प्रोग्राम से प्राचीन पांडुलिपियों का संग्रहण सीखेंगे विद्यार्थी




**बेधड़क** | उदयपुर

केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास (स्किल डवलपमेंट) के कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। इसके लिए प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के होने वाले इस कौशल विकास के कार्यक्रम के लिए एक अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस एमओयू पर धरोहर संस्थान के संस्थापक संजय सिंघल और केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्रीनिवास वार्खेडी ने हस्ताक्षर किए। वहीं यह कार्यक्रम 42 दिन का होगा। संजय सिंघल के अनुसार इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के जरिए विद्यार्थी प्राचीन पांडुलिपियों के संग्रहण का कार्य सीखेंगे। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य अगले 20 वर्षों में 25 लाख पाण्डुलिपियों की डिजिटल प्रतिलिपियां बनाना है।

### समर वर्कशॉप में मिला कौशल को निखारने का अवसर

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन बिजनेस की ओर से बुधवार को कैंपस में डिजाइन धारा समर वर्कशॉप की शुरुआत हुई। वर्कशॉप के जरिए डिजाइन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों के लिए एक अनूठा मंच मिल सकेगा। इसमें प्रतिभागियों को अपनी कलात्मकता को विकसित करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर आर्च कॉलेज की संस्थापक अर्चना सुराना ने कहा कि यह इवेंट डिजाइन संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा। इस आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को नेचुरल डाइयिंग, एनीमेशन, ओरिगामी, इनैमलिंग, पोर्ट्रेट मेकिंग, फोटोग्राफी, इंटीरियर स्टाइलिंग और गारमेंट पैटर्न मेकिंग जैसे क्षेत्रों में उनकी कला को विकसित करने का मौका दिया जा रहा है। इन वर्कशॉप्स के माध्यम से हम छात्रों को अपनी कला को समझने और उसे अधिक उच्च



स्तर पर ले जाने का मार्ग प्रदान करेंगे। अर्चना सुराना ने इस समर वर्कशॉप को अपनी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण बताया, जिसमें वे छात्रों को स्वतंत्र रूप से सोचने और नए विचारों को प्रकट करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों को अपनी क्षमता का पता लगाने, नए विचारों का प्रयोग करने और अनुभवी पेशेवरों के मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारने के लिए एक मंच प्रदान कराना है।

## नीट परीक्षा मामले पर एक और याचिका दायर

# नहीं चलेगी NTA की मनमानी सुप्रीम कोर्ट से है उम्मीद : पांडे

**बेधड़क** | नई दिल्ली

नीट परीक्षा विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। अब एजुकेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी फिजिक्स वाला ने नीट परीक्षा 2024 के नतीजों में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर की है। सीईओ अलख पांडे ने नीट यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के नतीजों में धांधली को एनटीए की मनमानी बताया है। उन्होंने कहा कि अब नीट अभ्यर्थियों को सिर्फ सुप्रीम कोर्ट से ही उम्मीद है।

9 जून को फिजिक्स वाला ने एक रिट याचिका दायर की थी, जिसे उनके वकील जे साई दीपक ने 11 जून को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया। जवाब में, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वकील से कहा कि वे मामले को रजिस्ट्री के समक्ष उल्लेख करें ताकि सूचीबद्ध करने का अनुरोध भारत के मुख्य न्यायाधीश के माध्यम से किया जा सके।



### समय की भरपाई के लिए दिए थे अंक

गौरतलब है कि 8 जून को, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस साल की नीट (स्नातक) परीक्षा में बैठने के दौरान हुए "समय की हानि" की भरपाई के लिए "अनुग्रह अंक" दिए गए 1,500 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा करने के लिए 4 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। नीट यूजी परिणाम 4 जून को जारी किया गया था।

अलख पांडे के वकील ने कहा कि पांडे ने करीब 20,000 छात्रों से समर्थन हासिल किए हैं, जिससे पता चलता है कि कम से कम 1,500 छात्रों को ग्रेस मार्क्स के तौर पर करीब 70 से 80 अंक दिए गए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ग्रेस मार्क्स देने के लिए "सामान्यीकरण फॉर्मूला" केवल उन प्रश्नों की संख्या तक सीमित होना चाहिए जो समय की कमी के कारण अनुत्तरित रह गए हैं, क्योंकि सभी प्रश्नों का समान महत्व है और हर प्रश्न के लिए समान समय वितरण माना जा सकता है।

### कोर्ट ने मांगा एनटीए से जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अन्य याचिका पर नोटिस जारी किया। जिसमें कथित पेपर लीक के कारण 5 मई को आयोजित नीट यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने पेपर लीक के आरोपों पर एनटीए से 8 जुलाई तक जवाब मांगा है। हालांकि, कोर्ट ने काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की खारिज कर दी है। इसके अलावा, 9 जून को सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई, जिसमें NEET UG 2024 के नतीजों को रद्द करने और परीक्षा को फिर से आयोजित करने की मांग की गई। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि कई छात्रों के लिए 720 में से 718 और 719 अंक प्राप्त करना "सांख्यिकीय रूप से असंभव" है। उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा ग्रेस मार्क्स देना कुछ छात्रों को "पिछले दरवाजे से प्रवेश" देना दुर्भावनापूर्ण है।

### एनटीए पेपर लीक मामले को क्यों छिपा रहा है?

अलख पांडे ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा परिणाम विवाद पर बात करते हुए कोर्ट से अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं और कहा, "हमें और छात्रों को अब सुप्रीम कोर्ट से उम्मीदें हैं। कोर्ट को छात्रों को भरोसा दिलाना चाहिए कि वे सही फैसला लेंगे। इतने सारे छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं... क्या आप उम्मीद करते हैं कि 18 साल का कोई युवक कोर्ट में अपील करेगा? मुझे लगता है कि विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट को कदम उठाना चाहिए।" पांडे ने मामले पर एनटीए की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "बहुत सारे सवाल उठने के बाद एनटीए ने एक दस्तावेज जारी किया। दस्तावेज में उन्होंने उल्लेख किया कि उन्होंने 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए और छह छात्रों को 720 के पूरे अंक भी दिए। ये छात्र 4 राज्यों के केंद्रों से हैं... हमने एक जनहित याचिका (9 जून) दायर की। हमने सवाल किया कि एनटीए पेपर लीक मामले को क्यों छिपा रहा है। इसकी जांच क्यों नहीं की जा रही है? वे ग्रेस मार्क्स कैसे दे सकते हैं?"

### प्रश्नपत्र के पैटर्न पर सवाल

सीईओ ने छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने के पीछे के फॉर्मूले का जवाब न दे पाने पर भी एजेंसी पर निशाना साधा। पांडे ने कहा, "विभिन्न राज्यों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 610, 620, 630 अंकों पर छात्रों को एडमिशन मिला। लेकिन आज 650 अंकों पर भी कोई गारंटी नहीं है... इसके पीछे या तो पेपर लीक है या फिर बहुत सारे छात्रों को ग्रेस मार्क्स मिलना है।" पांडे ने प्रश्नपत्र के पैटर्न पर भी सवाल उठाए और कहा, "पेपर इस तरह से क्यों सेट किया गया था, जिसमें पूरे अंक लाने के बाद भी छात्र को शीर्ष कॉलेज में सीट नहीं मिलेगी? एक चीज जो मुझे बहुत बुरी लगी, वह यह है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एनटीए निदेशक को सब कुछ स्पष्ट रूप से कहना चाहिए था। उन्हें सच बोलना चाहिए था।"

### SSC फेज 12 भर्ती के लिए आवेदन लिंक सक्रिय

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग ने फेज 12 भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन स्थिति लिंक सक्रिय कर दी है। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से एसएससी चरण 12 परीक्षा का आयोजन 20, 21, 24, 25 और 26 जून 2024 को किया जाएगा। एसएससी फेज 12 रिक्रूटमेंट एग्जाम डेट 2024 से चार से पांच दिन पहले उम्मीदवार SSC फेज 12 एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। एसएससी फेज 12 हाल टिकट डाउनलोड करने के लिए कैंडिडेट को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी। एसएससी फेज 12 एडमिट कार्ड 2024 एक अनिवार्य दस्तावेज है।

## योग महोत्सव का तीसरा दिन

# शरीर को स्वस्थ और शहर को स्वच्छ रखने के लिए निकालें समय



**बेधड़क** | जयपुर

योग महोत्सव-2024 के तीसरे दिन जयपुरवासियों ने योगाभ्यास किया। बुधवार को दो जगह योग शिविर लगाए गए। ये शिविर स्मृति वन पार्क सीकर रोड़ एवं केसर उद्यान वार्ड नं. 38 कैलाश नगर में योग शिविर आयोजित किए। दोनों योग शिविरों में 300 से भी अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। जयपुरवासियों में योग महोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। योग महोत्सव की खास बात यह है कि हर योग शिविर की शुरूआत में गायत्री सूक्ष्म नैनो यज्ञ द्वारा की जाती है। जिसमें सभी साधकों द्वारा आहूति दी जाती है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इस अवसर पर गुलाबी नगरी को योग नगरी के रूप में बनाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि पूरे दिन में से कुछ समय अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने के लिये निकाले। उन्होंने पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि मानसून में हर एक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी जयपुर वासी अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम से एक पेड़ जरूर लगाए। महापौर ने अपने संबोधन में कहा, स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है बल्कि हमारे पर्यावरण को भी संरक्षित करती है। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं अपने शहर को स्वच्छ रखने की भी अपील की। गौरतलब है कि 10 जून से नगर निगम ग्रेटर द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किया जा रहे हैं यह योग शिविर 21 जून तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर में पार्षद नरेंद्र सिंह शेखावत, दिनेश कांवट, रूप कंवर, इंद्र प्रकाश धाभाई, चंद्र प्रकाश सैनी, महिपाल सिंह, शशिकांत पारीक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### IIT दिल्ली और अबू धाबी कैंपस में होगा ओपन हाउस प्रोग्राम

**बेधड़क** | नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली की ओर से जेईई एडवांस्ड 2024 में उत्तीर्ण होने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए ओपन हाउस आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारत में दिल्ली परिसर और संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी परिसर दोनों में 15 जून को हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में आयोजित किया जाएगा। ओपन हाउस का उद्देश्य जेईई एडवांस्ड क्वालिफायर को अकादमिक, छात्र मामले और विविधता और समावेशन सहित विभिन्न प्रभागों के डीन के साथ एक जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। दिल्ली और अबू धाबी दोनों परिसरों के संकाय सदस्य भी प्रश्नों के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगे। आईआईटी दिल्ली की तरफ से ओपन हाउस कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह कार्यक्रम 15 जून को और संस्थान के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा।

### जोसा काउंसलिंग में टॉप 20 परसेंटाइल कट ऑफ जारी


**नई दिल्ली।** संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (JOSAA) ने कुल 500 अंकों में से श्रेणीवार शीर्ष 20 परसेंटाइल कटऑफ 2023 और 2024 के अंकों की घोषणा की है। लगभग 15 लाख जेईई-2024 (मेन) उम्मीदवार एनआईटी प्लस सिस्टम की लगभग 42,000 सीटों के लिए भाग लेने के पात्र हैं। इस साल, जोसा द्वारा सीट आवंटन के कुल पांच राउंड होंगे। बीटेक प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता निर्धारित करने के लिए टॉप 20 परसेंटाइल मानदंड का उपयोग किया जाता है। प्रवेश के लिए पात्र माने जाने के लिए उम्मीदवारों को या तो अपने संबंधित बोर्ड के शीर्ष 20 प्रतिशत के भीतर स्कोर करना होगा या जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। दरअसल जोसा काउंसलिंग के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और कुछ सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। जोसा शीर्ष 20 परसेंटाइल मानदंड का उपयोग आईआईटी और एनआईटी प्लस प्रणाली में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आकलन करने के लिए किया जाता है। इस मानदंड के अनुसार, प्रवेश के लिए पात्र माने जाने के लिए उम्मीदवारों को या तो अपने संबंधित बोर्ड के शीर्ष 20 परसेंटाइल के भीतर स्कोर करना होगा या जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

## पहचान | अंतरराष्ट्रीय बॉटेनिकल कांग्रेस की ओर से मिली संस्थागत मान्यता

# आरयूः बॉटेनिकल लैबोरेट्री को मिली विशेष पहचान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में 1963 में स्थापित किए नए हर्बेरियन जिसे राजस्थान यूनिवर्सिटी बॉटेनिकल लैबोरेट्री (आरयूबीएल) के रूप में वनस्मति शास्त्र में होने वाले विशिष्ट शोध कार्यों के लिए विशेष पहचान है। इसे पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी समृद्धता को ध्यान में रखते हुए इन्टरनेशनल बॉटेनिकल कांग्रेस ने पिछले दिनों संस्थागत सदस्य के रूप में विशेष मान्यता प्रदान की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर मिली इस मान्यता के आधार पर राजस्थान विश्वविद्यालय हर्वैरियम (आरबीएल) इन्टरनेशन बौनिक काग्रेस में संस्थागत सदस्य के रूप में शामिल होकर मतदान का अधिकार भी प्राप्त करेगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में वर्ष 1963 में ख्यातिप्राप्त वनस्पति शास्त्री भी प्रो. शिव शर्मा के प्रयासों से राजस्थान यूनिवर्सिटी बॉटेनिकल लैबोरेट्री जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उगने वाले पौधों की पहचान कर उन्हें संतान करने का काम किया जाता है की स्थापना की गई थी। वर्तमान में विवि के इस हर्बेनियम में 21 हजार 50 से अधिक पौधों को संरक्षित स्वरूप में रखा जा रहा है। इस हर्वेरियम में सरंक्षित रखे जाने वाले प्रत्येक पौधे के नाम सहित उसका विस्तृत विवरण जिसमें पीछे की उपयोगिता आयुर्वेदिक महत्ता सहित अन्य विशेष गुणों का विस्तृत विवरण होता है, संरक्षित स्वरूप में रखा जा रहा है।



### अगले माह मिलेगा संस्थागत सदस्य के रूप में पहचान

राजस्थान विश्वविद्यालय बीटेनिकल लैबोरेट्री के विशेष दायिलों का निर्वहन कर रहे एसोसिएट प्रो. डॉ. योगेश जोशी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस विशेष मान्यता के तहत जुलाई 2024 में मैंड्रिड स्पेन में प्रस्तावित २०वीं इन्टरनेशनल कांग्रेस में विश्वविद्यालय हर्वेरियम को संस्थागत सदस्य के रूप में मान लेने का पहली बार अवसर प्राप्त होगा।

### लाइकेनिकोलस कवक के 10 प्रामाणिक नमूने मौजूद

विश्वविद्यालय के इस हर्बेरियम में संवहनी पौधों, लाइकेन, ब्रायोफाइट्स की एक विविध श्रृंखला शामिल है, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से लाइकेनिकोलस कवक के 10 प्रामाणिक नमूने (होलोटाइप और आइसोटाइप) शामिल हैं। इस संग्रह में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, वरल, लद्दाख, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल सहित भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों के कई नए रिकॉर्ड भी शामिल है।

# ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से पैठ बनाता फास्ट मूविंग कंज्यूमर सेक्टर




**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


ग्रामीण क्षेत्र में अभी आधारभूत सुविधाओं की दरकार के बावजूद फास्ट मूविग कंज्यूमर उत्पादों की मांग के क्षेत्र में शहरों को पीछे छोड़ दिया है। देखा जाए तो एफएमसीजी सेक्टर के लिए ग्रामीण बाजार नई उम्मीदों के साथ उभरा है। हालात यह है कि ग्रोथ रेट के हिसाब से भी ग्रामीण बाजार शहरों की तुलना में आगे निकल रहा है। एफएमसीजी सेक्टर में प्रमुखतः आईटीसी, हिन्दुस्तान लीवर, डाबर, वरुण ब्रेवरीज आदि आदि प्रमुख कंपनियां है। आज ग्रामीण क्षेत्र में इनके उत्पादों की सहज उपलब्ध्ता देखी जा सकती है। फास्ट मूविंग से सीधा सीधा अर्थ रोजमर्रा की उन उपभोक्ता वस्तुओं से हैं जिनकी खपत तेजी से होती है। पैक्ड खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, कॉस्मेटिक सामान या यों कहें कि व्यक्तिगत केयर की वस्तुएं और इसी तरह के अन्य रोजमर्रा के उपभोग की सामग्री को फास्ट मूविंग गुड्स कहा जाता है। एक समय था जब एफएमसीजी सेक्टर में काम कर रही कंपनियों के केन्द्र में शहरी और उसमें भी उच्च मध्य आयवर्ग व उच्च आय वर्ग पर ही केन्द्रीत रहा है। उनका बिजनस केंपेन भी पूरी तरह से इस वर्ग पर ही केन्द्रीत रहता था। पर समय का बदलाव ही कहा जाएगा कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स बनाने वाली कंपनियों के केन्द्र में अब ग्रामीण बाजार आने लगा है।

आज एफएमसीजी सेक्टर में ग्रामीण बाजार में धमक बनती जा रही है। हांलाकि आज क्या गरीब और क्या अमीर व क्या शहरी और क्या ग्रामीण सभी के जीवन स्तर व रहन सहन में तेजी से बदलाव आया है। अब दैनिक आवश्यकताओं को किसी भी तरह से पूरा करना नहीं होकर जीवन जीने और रहन सहन का तौर तरीका पूरी तरह से बदल कर रह गया है। लोग अच्छी वस्तुओं का उपयोग करना चाहते हैं। नील्सन आई क्यू की हालिया रिपोर्ट भी इसी और इशारा करती है। रिपोर्ट के अनुसार एफएमसीजी सेक्टर में शहरी खपत को ग्रामीण क्षेत्र ने पीछे छोड़ दिया है। मजे की बात यह है कि इस सेक्टर में भी खाने पीने की वस्तुओं के स्थान पर अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुओं सौन्दर्य प्रसाधन आदि की मांग बढ़ी है। दरअसल जिस तरह से आज लोगों तक वस्तुओं की सहज पहुंच होती जा रही है उसी का असर साफ तौर से बाजार में दिखाई देता है।

> *“बड़ी कंपनियों की ग्रामीण बाजार पर लगभग नहीं के बराबर पहुंच रहती थी और ग्रामीणों को ब्राण्डेड या अच्छे उत्पाद लेने के लिए शहरों की और रुख करना पड़ता था उसके स्थान पर अब गांव में ही इन उत्पादों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। सबसे खास बात यह कि सहज उपलब्धता के कारण ग्रामीण बाजार में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुडस कंपनियों की पहुंच लगता बढ़ती जा रही है।”*

मोटे रुप से समझने की कोशिश की जाए तो पैकिंग वाले खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, महिलाओं और पुरुषों की प्रसाधन सामग्री, साफ-सफाई यानी कि टॉयलेट्री के साथ ही कम लागत की घरेलू उपभोग की वस्तुओं को एफएमसीजी सेक्टर में लिया जाता है। वैसे तो आईटीसी इसका सबसे बड़ा उत्पादक और वितरक है पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर उत्पादों की मांग को देखते हुए स्थानीय स्तर पर भी मिलते जुलते रुप में उत्पादन और विपणन का कार्य होने लगा है। सबसे खास बात यह है कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर उपभोग सामग्रियों में ब्राण्डेड के साथ ही स्थानीय निर्माताओ के उत्पादों से बाजार अटा पड़ा है। दूसरी यह कि अनेक उत्पादों के तो मिलते जुलते नाम या पैकिंग होती है जिससे उन्हें स्वतः बाजार मिल जाता है। आज कहीं भी किसी भी कोने में निकल जाओ पेय पदार्थों की ही बात करें तो कोका कोला, पेप्सी जैसे स्थानीय कंपनियों द्वारा तैयारके उत्पाद आसानी से मिल जाएंगे। बिसलेरी के स्थान पर पीने के पानी की बोतल स्थानीय स्तर पर बनाई जाने वाली आसानी से मिल जाएगी। यही हालात साबुन, सर्फ, साफ सफाई के उत्पादों, फिनाइल आदि के मिल जाएंगे। दरअसल अब ग्रामीण बाजार में ब्राण्डेड से लेकर स्थानीय उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है और लोग अपने बजट के अनुसार उत्पाद आसानी से खरीदने लगे हैं। बड़ी स्थापित कंपनियों को अपनी स्ट्रेटेजी बदलनी पड़ी है। बड़ी कंपनियों ने पांच-दस रुपये के पैकिंग में खाद्य सामग्री के उत्पाद रखने लगी है। पांच रुपए में पारले जी से लेकर नमकीन, कुरकुरे और ना जाने इस श्रेणी के कितने ही ब्राण्डेड मिल जाएंगे। उत्पादकों ने छोटे से छोटे लक्षित वर्ग को ध्यान में रखकर उत्पादों की पैकिंग सुनिश्चित की है ताकि उसका लक्षित उपभोक्ता वचित ना रह सके।

इस सबके साथ ही जिस तरह से घर घर में टीवी चैनल्स, एंड्राइड मोबाइल की पहुंच हुई है और जिस तरह से सोशियल मीडिया ने छोटे-बड़े सभी तक अपनी पहुंच बनाई है उससे बाजार को नई दिशा मिली है। सपने दिखाने वाले विज्ञापनों की चकाचौंध के चलते अब ग्रामीण क्षेत्र शहरों से दो कदम आगे ही हो गया है। यही कारण है कि लोगों को उत्पादों तक जानकारी पहुंच रही है और फिर भले ही स्टेटस सिंबल ही क्यों ना हो ग्रामीण लोग भी किसी से पीछे नहीं रहना चाहते हैं। इन सबको देखते हुए पिछले कुछ सालों से फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स क्षेत्र में कार्य कर रही कंपनियों ने शहरों में जहां दिग्गजों रिलायंस, डी मार्ट, विशाल, वी मार्ट और अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी बहुतेरी संस्थाओं से टाईअप करने पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हैं वहीं ग्रामीण बाजार पर अधिक ध्यान देना शुरु किया हैं। आज तो हालात यह होते जा रहे हैं कि शहरी उपभोक्ताओं की तुलना में गांवों में इन कंपनियों को अधिक उपभोक्ता मिलने लगे हैं। हालिया रिपोर्ट में साफ हो गया है कि शहरी क्षेत्र की तुलना में गांवों-कस्बें के बाजारों में अधिक मांग आ रही है और फास्ट मूविंग कंज्यूमर सेक्टर की विकास दर शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में अधिक तेजी से बढ़ रही है। इसे शुभ संकेत भी समझा जाना चाहिए तो दूसरी और ग्रामीण क्षेत्र में जिस तेजी से रहन सहन व खान पान में बदलाव आ रहा है वह ग्लेमर के हिसाब से तो ठीक है पर परंपरागत खान पान को छोड़ना और पैक्ड खाद्य व पेयपदार्थों को अधिक महत्व देना आने वाले समय के लिए चिंता का विषय अवश्य हो सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### नीट रिजल्ट-2024: सुप्रीम कोर्ट से राहत

# फिर भी दांव पर एनटीए की साख!




**राजेश जैन**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *“स्टूडेंट्स ने ग्रेस मार्क्स तय करने के तरीके पर भी कई सवाल उठाए हैं। जैसे-एनटीए ने सेंटर्स पर सीसीटीवी फुटेज और वहां के कर्मचारियों की रिपोर्ट और स्टूडेंट्स की एफिशिएंसी के आधार पर ग्रेस मार्क्स देने की बात कही है। लेकिन इसके लिए क्या नियम या फॉर्मूला लगाया, नंबर किस आधार पर दिए। उदाहरण के लिए किसी स्टूडेंट का 15 मिनट पेपर लेट हुआ तो उसे मिनट के हिसाब से मार्क्स दिए गए या फिर कोई और तरीका निकाला गया, स्पष्ट नहीं है।”*

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को जारी होने वाला था लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए ने बिना किसी सूचना के 4 जून को अचानक जारी कर दिया। परिणामों ने तब खलबली मचा दी, जब 67 स्टूडेंट्स ने 720 में से 720 का स्कोर हासिल कर लिया। इससे पहले से चल रही पेपर लीक की आशंकाओं को बल मिला और लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। सोशल मीडिया के करीब सभी प्लेटफॉर्म पर नीट यूजी 2024 का रिजल्ट खूब ट्रेंड कर रहा है। कई सारे स्टूडेंट्स नीट यूजी 2024 के रिजल्ट को स्कैम बता रहे हैं। सोशल मीडिया एक्स (ट्विटर) पर इस मुद्दे पर लाखों ट्वीट हो चुके है, अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों वीडियो अपलोड हुए हैं और #नीट_पेपर_रद्द_करो हैश टैग के साथ कई स्टूडेंट्स रिजल्ट में धांधली के आरोप लगा रहे है।

एनटीए ने इस बीच बार-बार सफाई दी लेकिन हर सफाई पर नए सवाल खड़े हो गए। सवालों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई, एनटीए के मुखिया को ही उसका चेयरमैन बना दिया गया। गड़बड़ी को लेकर दिल्ली, भोपाल, वाराणसी समेत देशभर में हजारों छात्र-छात्राओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किए हैं। 11 जून को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पेपर लीक के मामले में भले ही काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर लेकिन एनटीए से कहा है की नीट यूजी की पवित्रता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए। इस बीच एग्जाम में टॉपर्स की बढ़ी हुई संख्या, मार्किंग स्कीम से अलग ग्रेस मार्क्स देने, आंसर की में बदलाव और एग्जाम से पहले ही पेपर लीक जैसी गड़बड़ियों का आरोप लगते हुए सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली और कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिकाएं दायर की गई हैं और एनटीए की साख बुरी तरह से दांव पर लगी हुई है।

आपको बता दें कि डॉक्टर बनकर मेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए नीट यूजी यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट देना जरूरी है। यह एग्जाम साल में एक बार ही होता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित नीट यूजी देश की सबसे बड़ी परीक्षा है। इस साल 23 लाख 33 हजार 297 ने यह एग्जाम दिया था। उनमें से 13 लाख के करीब स्टूडेंट्स उत्तीर्ण हुए।




## यह सवाल उठा रहे स्टूडेंट्स

- अब तक नीट में एक, दो या बहुत हुआ तो तीन टॉपर होते थे। यह इतिहास में पहली बार है कि 720 में से 720 यानी फुल मार्क्स हासिल कर 67 स्टूडेंट्स ने ऑल इण्डिया रैंक-1 हासिल की है। हाल यह हो गया है कि देश के टॉप मेडिकल कॉलेज-दिल्ली एम्स में केवल 50 सीटें हैं और पूरे में से पूरे नंबर लाने के बावजूद स्टूडेंट्स को यहां एडमिशन नहीं मिल पा रहा।
- बीते साल नीट यूजी में शामिल अभ्यर्थियों के औसत मार्क्स 279.41 थे, जबकि इस बार यह बढ़कर 323.55 हो गए हैं। काट ऑफ में पहली बार एक ही साल में करीब 45 अंकों की जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालत यह है कि पिछले साल 600 नंबर पर कई जनरल बच्चों को सरकारी कॉलेज मिल गया था, इस साल 640 नंबर वाले को भी सीट नहीं मिलेगी। पिछले साल 612 नंबर पर करीब 26 हजार रैंक थी, इस साल 76 हजार स्टूडेंट्स ने यह नंबर हासिल कर लिए।
- टॉपर्स लिस्ट के सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 के स्टूडेंट्स हरियाणा के एक ही सेंटर के हैं। इनमें किसी छात्र के नाम में सरनेम नहीं है। इन 8 में से 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक हासिल हुए है, वहीं, अन्य दो को 719, 718 हैं। ऐसी ही गड़बड़ी यूपी, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक के टॉपर्स के मामले में आई है। यूपी, तमिलनाडु और गुजरात में रैंक-1 वालों के रोल नंबर काफी करीबी हैं। यह समानता बताती है कि इन स्टूडेंट्स को संभवतः एक ही सेंटर अलॉट हुआ है और एक सेंटर्स से नीट के ज्यादा टॉपर्स निकले।
- सवाल यह भी उठ रहा है कि किसी भी स्टूडेंट को 720 में से 719 और 718 अंक कैसे मिल सकते हैं। दरअसल नीट में हर सवाल चार अंक का होता है। अगर कोई स्टूडेंट सभी सवालों के सही जवाब देता है तो उसे 720 में से 720 अंक मिलेंगे। अगर कोई एक सवाल छोड़ देता है तो उसे 716 अंक मिलेंगे जबकि यदि कोई एक सवाल गलत करता है तो उसे 715 अंक मिलेंगे। 719 और 718 नंबर नहीं आ ही नहीं सकते। नीट का रिजल्ट 14 जून को आना था, उसे आनन-फानन में 4 जून को तब जारी कर दिया गया जब देश लोकसभा चुनाव के परिणाम में उलझा हुआ था। आखिरी इतनी भी जल्दी क्या थी?
- इसके अलावा ओएमआर शीट अपलोड नहीं होने, फाड़ देने, जला देने, ओएमआर शीट और मार्कशीट में अलग अलग अंक होने की शिकायतें भी सोशल मीडिया पर खूब की जा रही है।

## ग्रेस मार्क्स बिना जानकारी के कैसे लागू हुए

- स्टूडेंट्स का कहना है कि अगर कुछ सेंटर्स पर बच्चों का समय बर्बाद हुआ था तो उनको अतिरिक्त समय दिया जाता ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। मामले में पारदर्शिता नहीं बरती गई। बिना जानकारी के ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। वे बिना ग्रेस मार्क्स के नीट की ओरिजिनल मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग ये भी है कि जिन सेंटरों पर ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, उनका नाम बताया जाए। छात्रों का ये भी पूछना है कि ग्रेस मार्क्स पाने का आधार क्या है? कितना समय बर्बाद होने पर कितने नंबर दिए गए? एनटीए ने स्पष्टीकरण जारी कर बताया है कि 5 मई को परीक्षा के दौरान कुछ सेंटर्स पर बहुत से स्टूडेंट्स का समय बर्बाद हुआ था। इसको लेकर पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट, दिल्ली व छत्तीसगढ़ में रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसके चलते ग्रेस मार्क्स देने के लिए कमेटी बनाई गई थी। उसने एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी और मौजूद कर्मचरियों की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन किया और यह मामला सही निकला। इसके लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला लागू किया गया जो कि 13 जून 2018 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्लेट एक्जाम में टाइम लॉस की स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था। ग्रेस मार्क्स देने की वजह से ही कुछ स्टूडेंट्स के 718 और 719 मार्क्स आए हैं।
- एनटीए का दावा है कि स्टूडेट्स को ग्रेस मार्क्स देने से नतीजों या क्वालिफाइंग क्राइटेरिया पर फर्क नहीं पड़ा है। यह मसला सिर्फ 1563 स्टूडेंट्स का है। पेपर 23 लाख से ज्यादा बच्चों ने दिया था। 4750 सेंटर की बजाय सिर्फ 6 सेंटर का मामला है। सोशल मीडिया पर जो पेपर आया, वह पेपर शुरू होने के बाद आया था। ऐसी गड़बड़ी से बचने के लिए हम भविष्य में अपने प्रोटोकॉल और स्टैंडर्ड को और मजबूत बनाएंगे ताकि फिर से इस तरह की गलती ना हो। 67 कैंडिडेट्स परफेक्ट स्कोर पर एनटीए का कहना है कि इस बार सबसे ज्यादा 23.33 लाख कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया। 67 में से 17 कैंडिडेट नॉर्मल तरीके से ही टॉप कर रहे थे। 67 टॉपर्स में से 44 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने फिजिक्स के एक क्वेश्चन के आंसर को लेकर आपत्ति जताई थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# साइड इफेक्ट




**संतोष दिवाकर**
व्यंग्यकार


वायुमंडल में अनेकों प्रकार के गैस हैं जिसमें शगुफा नाम का भी एक गैस पाया जाता है जो मानव निर्मित है और इसे कभी कभी वायुमंडल में छोड़ा जाता है; इसका समाज पर बड़ा जबरदस्त असर होता है। समाज में कुछ ना कुछ शगुफा हमेशा उठता रहता है, शगूफा सच और झूठ का ऐसा मजेदार चटनी होता है जो माहौल को चटपटा बना देता है और उन शब्दों की प्रतिध्वनि अकसर सुनने को मिल जाती है- जैसे इनवर्टर टेक्नोलॉजी, हर्बल प्रोडक्ट, नो साइड इफेक्ट, ऐआई टेक्नोलॉजी आदि। टीवी पर जोर शोर से प्रचारित किया जाता है कि इस दवा का कोई साइड इफेक्ट, हर्बल प्रोडक्ट है। इसके सेवन के एक माह बाद आप दारा सिंह हो जाएंगे। आज एक और साइड इफेक्ट की बड़ी जोरदार चर्चा हो रही है, जिस कोविशील्ड के टीका ने कोरोना के बीमारी को साइड कर दिया उस कोविशील्ड टीका के साइड इफेक्ट की चर्चा बड़े जोरो पर है। एक कहावत है- कमजोर के लुगाई, सबके भौजाई। आज किसी को छींक भी हो जा रहा है तो अंगुली कोविशील्ड की ओर उठ रही है जैसे क्रिकेट के मैदान में अंगुली उठती है या मतदान के बाद मतकेंद्र से बाहर निकलने के बाद गर्व से उंगली दिखाते हुए निकलते हैं, भले ही वह मतदान का दान करके नहीं आ रहे हो, फिर भी गर्व से उंगली दिखाते हैं। यूँ हर चीज का साइड इफेक्ट होता जब कोई सरकार अल्पमत में आ जाती है तो अपने परम विरोधी का भी सहायता मतदान के समय लेता है तो ऐसी स्थिति में सरकार साइड इफेक्ट्स का शिकार होती है और दल के समर्पित कार्यकर्ता को दलदल में धकेल दिया जाता है और बहुमत प्राप्त करने के चक्कर में अल्प संख्यक दल बहु संख्यक दल पर हावी हो जाता है और मंत्री पद झपट लेता है।

घर में यदि बाल बच्चा पढ़ लेता है तो फिर वह तथाकथित छोटा-मोटा काम नहीं करना चाहता है, यह डिग्री प्राप्त करने का साइड इफेक्ट है। धन्यवाद 12वीं फेल फिल्म को, जिसके आ जाने से अब फेल करने वालो को फेल हो जाने का कोई गम नहीं रहता, बल्कि गर्व से कहते हैं कि मैं भी 12वीं फेल हूं, यह है 12वीं फिल्म का साइड इफेक्ट।

आज के इस भाग दौड़ की जिंदगी में लोग एक दूसरे को साइड कर आगे बढ़ाने की होड़ लगी हुई है, गाड़ी वाला जोरो से हॉर्न बजा रहा कि साइड हो जाओ वरना जिंदगी से साइड कर दिए जाओगे। आप किसी की मदद से जीवन में आगे बढ़ते हैं तो साइड इफेक्ट के लिए तैयार हो जाइए, मदद करने वाले कभी ना कभी आपसे ऐसी मदद की मांग रखेंगे कि आप उनसे साइड हो जाएंगे या उनको साइड कर आप आगे बढ़ जायेंगे और यही है संबंधो का साइड इफेक्ट।

### नॉलेज कॉर्नर: कूलर में ठंडी हवा के लिए अनोखा प्रयोग

# बर्फ-नमक मिश्रण से ठंडी हवा का अहसास!

भीषण गर्मी के चलते आमजन बेहाल है। इस बीच घरों में चलने वाले कूलर-पंखें भी कभी-कभी जवाब दे जाते हैं। बढ़ते तापमान की वजह से क्या पंखा और कूलर सभी सूरज के तीखे तेवर आगे दम तोड़ते दिख रहे हैं। हालांकि, एयर कंडीशनर से लोगों को जरा राहत मिल रही है, लेकिन पंखे और कूलर की गर्म हवा सबको परेशान कर देती है। दिन भर चिलचिलाती धूप के कारण ठंडी हवा मिलना मुश्किल हो रहा है। अगर आप भी कूलर की गर्म हवा से परेशान हैं और गर्मी से बचने के लिए ठंडी हवा चाहते हैं, तो आज हम आपको ऐसी आसान ट्रिक बता रहे हैं, जो आपकी इस समस्या को दूर कर सकती है और आपको कूलर एसी की तरह ठंडी हवा देने लगेगा। आइए जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## नमक और बर्फ की होगी जरूरत

आपको बता दें कि इसके लिए आपको न कोई एक्सट्रा मेहनत करनी है और न ही पैसे खर्च करने हैं। कूलर से एसी जैसे ठंडी हवा पाने के लिए आपको बस अपने किचन में रखी नमक और फ्रिज में जमी बर्फ की जरूरत होगी। ठंडी हवा पाने के लिए आपको इन दोनों को मिलाकर एक बर्तन में कूलर में रख सकते हैं। एक्सपर्ट का माना है कि बर्फ के साथ नमक मिलाने से तापमान में गिरावट होती है, इसलिए कुल्फी वाले भी अपने बॉक्स में बर्फ में नमक डालकर



रखते हैं। हालांकि, इस ट्रिक को आजमाते समय आपको यह बात ध्यान में रखने की जरूरत होगी कि बर्फ के साथ एक सीमा तक ही नमक मिलाया जाए।

## लंबे समय तक नहीं पिघलती बर्फ

आमतौर पर लोग जब कूलर की हवा ठंडी करने के लिए पानी में बर्फ मिलाते हैं तो उससे कुछ ही देर के लिए ठंडी हवा मिलती है, लेकिन अगर बर्फ के साथ नमक मिला दिया जाए तो इससे लंबे समय तक ठंडी हवा मिल सकती है। क्योंकि बर्फ में नमक मिलाने से आइस का बॉयलिंग पॉइंट बढ़ जाता है और बर्फ लंबे समय तक नहीं पिघलती है। इसके चलते आपका कूलर आपको लंबे समय तक ठंडी हवा देता है।

## नहीं करना होगा एक्सट्रा खर्चा

*खास बात यह है कि इस ट्रिक को यूज करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी नहीं खर्च करने पड़ेगे। आमतौर पर बर्फ और नमक घर में ही मिल जाता है। अगर आपके पास बर्फ नहीं है तो भी आप इसे बाजार से खरीद कर कूलर की टंकी में नमक के साथ यूज कर सकते हैं और मेहनत भी कम करनी पड़ेगी।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

### X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
वृक्षासन यानि पेड़ की मुद्रा में किए जाने वाले आसन के कई फायदे हैं। यह शरीर के संतुलन को बेहतर बनाने के साथ ही इसे मजबूती प्रदान करता है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेंद्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। देश जवाब मांग रहा है - आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
“राजस्थान पुलिस से अपील है कि वह अपने ध्येय वाक्य ‘आम जन में विश्वास, अपराधियों में भय’ पर अपने कर्म क्षेत्र में अमल करे। जब आमजन और गरीब लोग थाने में आएं, तो उन्हें पुलिस के व्यवहार से लगे कि पुलिस केवल मददगार ही नहीं है, बल्कि उनके साथ हमदर्दी भी है। प्रदेश में कानून का राज हो, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस किसी दबाव के बिना, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपना कर्तव्य निभाएं।”

**दिल्ली में पेयजल संकट :** सुप्रीम कोट ने केजरीवाल सरकार को लगाई फटकार...पूछे कई सवाल

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए, हलफनामा देकर बताएं

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार को बुधवार को अदालत के कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर फटकार लगाते हुए कोर्ट ने पूछा कि आखिर सरकार ने इन्हें रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि टैंकर माफिया पर यदि सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है तो दिल्ली पुलिस को इसके लिए आदेश दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए, यह बताते हुए एक हलफनामा दाखिल करने को भी कहा है।





जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और प्रसन्ना बी वराले ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि आप टैंकर माफिया से नहीं निपट सकते हैं तो हम दिल्ली पुलिस से इस मामले में ऐक्शन लेने के लिए कहेंगे। कोर्ट ने कहा,इस अदालत में झूठे बयान क्यों दिए गए। पानी हिमाचल प्रदेश से आ रहा है दिल्ली में कहां जा रहा है? बहुत ज्यादा लीकेज, टैंकर माफिया आदि हैं... आपने इसको लेकर क्या किया है। ज्ञात रहे कि भीषण गर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में लाखों लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं। पड़ोसी राज्यों से अधिक पानी दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, लोग परेशान हैं। यदि गर्मियों में बार-बार पानी की समस्या होती है तो आपने बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि कार्रवाई की गई है। सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली सरकार को इस पर रिपोर्ट पेश करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि यदि अतिरिक्त पानी दिल्ली को मिला पर लीकेज चलता रहा तो नागरिकों को कोई फायदा नहीं होगा। मामले की आगे की सुनवाई गुरुवार को होगी।

### सर्वोच्च अदालत की हिमाचल प्रदेश को अवमानना कार्रवाई की चेतावनी

कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी क्योंकि इसने पाया कि अतिरिक्त 137 क्यूसेक पानी दिल्ली को आपूर्ति किए जाने के बयान के बावजूद, इसके ताजा हलफनामे में यह नहीं दिखा।

### नीतीश कुमार ने बदले जिलों के प्रभारी मंत्री



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 29 जिलों के प्रभारी मंत्रियों को बदल दिया। इसमें वे जिले भी शामिल हैं जिन लोकसभा सीटों पर एनडीए को हार का सामना करना पड़ा था। दरअसल जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति होती है, जो बीस सूत्री समेत अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करती है और इन्ही समिति के अध्यक्ष को प्रभारी मंत्री कहते हैं। इस समिति का अध्यक्ष राज्य सरकार का कोई मंत्री और सचिव डीएम होता है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का पटना जिले का प्रभारी बनाया गया है। 9 मंत्रियों को 22 जिलों की जिम्मेदारी मिली है। वहीं 20 मंत्रियों को एक-एक जिले का दायित्व सौंपा गया है।

### माकपा नेता नयनार के परिजनों से मिलने पहुंचे गोपी

**कन्नूर (केरल)।** केरल में भाजपा के एक मात्र सांसद व केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बुधवार को यहां माकपा के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत ई. के. नयनार के परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंचे। मंत्री पद मिलने के बाद सुरेश पहली बार केरल लौटे हैं। गोपी ने बुधवार को पहले कन्नूर के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे यहां कल्लियासेरी स्थित नयनार के घर पहुंचे। जहां दिवंगत नयनार की पत्नी शारदा और परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। शारदा ने सुरेश गोपी को अपने पति की किताब भेंट की। हालांकि इसके बाद शारदा ने स्पष्ट किया कि ये कोई राजनीतिक दौरा नहीं है, गोपी और उनके परिवार के साथ पहले से ही घनिष्ठ संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरेश गोपी पहले भी कई बार उनके घर आ चुके हैं।

**ओडिशा और आंध्र प्रदेश में बनी नई सरकार... नई शुरुआत**

# ओडिशा: BJP के पहले CM बने मोहन माझी

■ 2 डिप्टी CM और 13 मंत्रियों ने भी ली शपथ



एजेंसी | भुवनेश्वर

चार बार के विधायक और आदिवासी नेता मोहन माझी ने बुधवार को ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सीएम के अलावा, कनक वर्धन सिंहदेव और पार्वती परिदा ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली। परिदा राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम बनी हैं।

इनके अलावा, आठ कैबिनेट मंत्री और पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) ने भी शपथ ली है। सुरेश पुजारी, रबीनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड और कृष्ण चंद्र पात्रा ने सीएम मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। पृथ्वीराज हरिचंदन, डॉ. मुकेश महालिंग, विभूति भूषण जेना और डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्रा ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह भुवनेश्वर के जनता मैदान में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री मौजूद रहे। समारोह स्थल पर करीब 30,000 लोग मौजूद थे।

इससे पहले भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राज्य की 147 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 78 सीट जीतीं हैं, जबकि बीजद को 51 सीट मिलीं।

### छह बार विधायक रह चुके हैं केवी सिंहदेव

बोलनगीर जिले के पटनागढ़ के पूर्व शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले कनक वर्धन सिंहदेव छह बार विधायक रह चुके हैं। उनके दादा राजेंद्र नारायण सिंह देव भी शाही परिवार से थे और मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कनक पहली बार 1995 में राज्य विधानसभा के लिए चुने गए थे और तब से 2019 को छोड़कर लगातार जीतते आ रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक कनक वर्धन सिंहदेव 2000 से 2009 के बीच नवीन पटनायक सरकार में मंत्री रहे। उनकी पत्नी संगीता सिंहदेव बोलनगीर से मौजूदा लोकसभा सांसद हैं। वहीं, 57 वर्षीय पार्वती परिदा ने 2005 में ओडिशा उच्च न्यायालय में वकालत की शुरुआत की थी। वह ओडिशा में भाजपा की महिला विंग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। हालांकि, इससे पहले वह तीन बार निमापारा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन 2024 में उन्हें सफलता मिली।

# आंध्र: नायडू की CM के रूप में चौथी पारी शुरू

■ पवन कल्याण डिप्टी सीएम, नायडू के बेटे भी बने मंत्री




एजेंसी | विजयवाड़ा

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। नायडू के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में जनसेना पार्टी के प्रमुख और साउथ सिनेमा के सुपर स्टार पवन कल्याण और नायडू के बेटे लोकेश नारा समेत 24 मंत्रियों ने भी शपथ ली। मुख्यमंत्री के तौर पर नायडू का यह चौथा कार्यकाल होगा। मंगलवार को तेलुगु देशम और राजग के घटक दलों ने नायडू को विधायक दल का नेता चुना था। शपथ ग्रहण समारोह विजयवाड़ा में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी अमित शाह, नितिन गडकरी, जे पी नड्डा और दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत, चिरंजीवी, रामचरण भी मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण भी इस मौके पर मौजूद थे। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई। विजवाड़ा में हो रहे शपथ समारोह से पहले चंद्रबाबू नायडू ने कहा था, आप सभी के सहयोग से मैं शपथ ग्रहण कर रहा हूं और इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### भावुक नायडू को मोदी ने लगाया गले



नायडू की पार्टी ने इस बार केंद्र सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी और हाथ मिलाया। नायडू को भावुक देख पीएम ने उन्हें देर तक गले लगाया और पीठ थपथपाकर उनका हौंसला बढ़ाया। समारोह के दौरान सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

### पीएम ने पवन कल्याण की थपथपाई पीठ

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पवन कल्याण की पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पीथापुरम सीट से चुनाव जीता है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की पीठ थपथपाई। पीएम मोदी ने सीएम नायडू और पवन कल्याण को राज्य में उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी। समारोह में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा भी पहुंचे। उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी से मुलाकात की। इस दौरान केरल में पहली बार कमल खिलाने वाले अभिनेता सुरेश गोपी भी नजर आए।

### राज ठाकरे ने अब भाजपा से मांगी 20 सीटें

**मुंबई।** लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने वाले राज ठाकरे ने अब आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी लंबी-चौड़ी मांग भाजपा के सामने रख दी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में भाजपा से 20 सीटों की मांग की है। इतना ही नहीं राज ठाकरे ने भतीजे आदित्य ठाकरे की विधानसभा सीट भी मांगी है, ताकि वहां से एमएनएस का प्रत्याशी खड़ा किया जा सके। सूत्रों के अनुसार एमएनएस द्वारा जिन सीटों पर दावा किया गया है उनमें अधिकांश सीटें मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र की विधानसभा सीटें हैं।

### पाक से वार्ता के बिना आतंकवाद का खात्मा नहीं



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद उस समय तक खत्म नहीं होगा, जब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं की जाती। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी जम्मू में पिछले तीन दिन में हुए तीन आतंकवादी हमलों के बाद आई है। फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि जब तक दोनों देशों भारत एवं पाकिस्तान के बीच समझ नहीं बनती, आतंकवाद खत्म नहीं होगा। आतंकवाद जारी रहेगा और हमें इसका सामना करना होगा। दुखद बात यह है कि निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब तक हम नहीं जगेंगे और इसका समाधान नहीं निकालेंगे, निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि भारत सीमाओं से जुड़े मुद्दों को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, अब्दुल्ला ने कहा कि बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

**विधायक दल के नेता बने...**

# पेमा खांडू फिर संभालेंगे अरुणाचल की कमान, शपथ ग्रहण आज

एजेंसी | ईटानगर

निवर्तमान मुख्यमंत्री पेमा खांडू ही अरुणाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें बुधवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार सुबह 11 बजे राजधानी ईटानगर में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे। विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और पार्टी महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था।

भाजपा ने हाल के विधानसभा चुनावों में 60 सदस्यीय सदन में 46 सीटें हासिल कर राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने विधानसभा की 10 सीटें निर्विरोध ही जीत ली थीं। खांडू भी निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। भाजपा नीत राजग के घटक नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीटें मिलीं और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 3 और पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) को 2 सीटें मिलीं। इसके अलावा तीन निर्दलीय भी विजयी हुए।

### कांग्रेस एक खत्म हो चुकी ताकत है: खांडू

2 जून को आए परिणाम के बाद पेमा खांडू ने कहा था कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सीमावर्ती राज्य के लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समर्थन दर्शाती है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस एक खत्म हो चुकी ताकत है। कांग्रेस प्रदेश में लंबे समय से सरकार चला रही थी। इसने एक भ्रष्ट व्यवस्था बना रखी थी।

**अखिलेश का करहल विस सीट से इस्तीफा... नेता प्रतिपक्ष का पद भी छोड़ा**

# विपक्ष के नेता पद की दौड़ में शिवपाल यादव समेत कई वरिष्ठ नेता

एजेंसी | लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद बुधवार को करहल विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी छोड़ दिया है। वह अब कन्नौज से सांसद बने रहेंगे।

अखिलेश के विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद नेता प्रतिपक्ष की चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष के लिए शिवपाल यादव का नाम सबसे आगे है। हालांकि सपा विधायक रामअचल राजभर, इंद्रजीत सरोज और कमल अख्तर जैसे दिग्गज नेताओं के नाम भी चर्चा में है। ज्ञात रहे कि अखिलेश 2022 के विधानसभा चुनाव में वह करहल विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए थे।



### मुख्य सचेतक पर भी चर्चा

सपा के बागी विधायक मनोज पांडे के भाजपा में शामिल होने के बाद विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक का पद खाली हो गया है। बुधवार को सपा कार्यालय के बाहर लगी नेम प्लेट से मुख्य सचेतक मनोज पांडे के नाम पर काली पट्टी लगा दी गई। वहीं, अब सपा का मुख्य सचेतक कौन होगा इस पर भी पार्टी विचार विमर्श कर रही है।

### अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा सीट छोड़ी

अयोध्या जिले की फैजाबाद लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद ने भी अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। वह अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से विधायक थे। इन सीटों पर जल्द ही उपचुनाव होगा।

### पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद होगी घोषणा

अखिलेश यादव ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी पार्टी किसी ऐसे व्यक्ति को देगी जो पार्टी को मजबूती देने के साथ-साथ विपक्ष की आवाज को सदन में बुलंद कर सके। अखिलेश ने नेता प्रतिपक्ष के नाम को लेकर कोई संकेत नहीं दिया है लेकिन यह जरूर कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा के बाद नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। नेता प्रतिपक्ष में पहला नाम सपा विधायक इंद्रजीत सरोज का है हालांकि राम अचल राजभर, सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव और सपा विधायक कमाल अख्तर भी इस पद के दावेदार हैं।

### भाजपा के नारों की हवा निकाल दी: अजय राय

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश ने भाजपा के नारों की हवा निकाल दी। चुनाव में भाजपा ने अबकी बार 400 पार, 80 में 80 और वाराणसी में 10 लाख पार का नारा दिया था। उसके ये तीनों ही नारे औंधे मुंह गिर गए। राय ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बांसगांव, देवरिया, महराजगंज और अमरोहा में हम जीत रहे थे। यहां कांग्रेस के प्रत्याशियों को प्रशासनिक तंत्र का सहारा लेकर हराया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इंडिया गठबंधन को जनादेश दिया है, इसलिए यह गठबंधन जनता की आवाज मजबूती से उठता रहेगा। पहले केवल उत्तर प्रदेश में पेपर लीक हो रहे थे। अब यह देशभर में होने लगा है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर उठे सवाल गंभीर हैं। इससे संबंधित याचिका पर जवाब मांगने के लिए सुप्रीम कोर्ट बधाई का पात्र है। सरकारों की इस विफलता से युवाओं का भरोसा टूट रहा है। राय ने जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को कठघरे में खड़ा किया।

## जरूरी खबर

### मणिपुर: डॉक्टर के आवास पर ग्रेनेड से हमला

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। राज्य के पूर्वी इंफाल जिले के पोरोम्पैट में एक घर पर अज्ञात लोगों ने ग्रेनेड से हमला कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर शाम हुए इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के मुताबिक अज्ञात हमलावरों ने जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के न्यूरोसर्जन डॉ. एम अमित कुमार के किराए के आवास पर दो हथगोले फेंके। जिसमें एक ग्रेनेड फट गया। इस दौरान घर के सामने खड़ी कार में आग लग गई, जबकि हमलावरों द्वारा फेंका गया दूसरा ग्रेनेड नहीं फटा। वारदात की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पूरे इलाके में घेराबंदी की और बिना विस्फोट वाले ग्रेनेड को बम स्क्वाड बुलाकर निष्क्रिय कराया। अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### गोलीबारी केस में सलमान खान के बयान दर्ज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर अप्रैल में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने बुधवार को उनके बयान दर्ज किए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच के अधिकारी अभिनेता के बांद्रा स्थित आवास, गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे। पुलिस ने दावा किया था कि इस घटना के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ था। इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से अनुज थापन नाम के एक आरोपी ने 1 मई को पुलिस लॉकअप में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### ओडिशा: जंगलों में विस्फोटक और आईईडी बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मल्कानगिरी के जंगलों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने विस्फोटक और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) जब्त किए हैं। मंगलवार को बल के जवानों ने तुलसी डोंगरी आरक्षित वन की तलहटी में बनी एक चट्टान के नीचे से यह सामान जब्त किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गश्त के दौरान जवानों ने स्टील के टिफिन में पैक लगभग 1.5 किलोग्राम वजनी एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, लगभग 300 ग्राम विस्फोटक पाउडर, एक सोलर प्लेट और कुछ अन्य सामान बरामद किया।

## मंत्रियों ने संभाली 'खजाने की चाबी' और खेल की बागडोर





*नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में शामिल केंद्रीय मंत्रियों द्वारा अपने विभागों का कार्यभार संभालने का सिलसिला जारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और युवा मामले व खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने बुधवार को अपने अपने मंत्रालय का प्रभार संभाल लिया।*

## भारत में बर्ड फ्लू का मरीज, इंसानों में दूसरा केस




**नई दिल्ली।** बर्ड फ्लू का इंसानों में संक्रमण का मामला पश्चिम बंगाल में पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसकी पुष्टि कर दी है। खबर है कि एक बच्चे में बीमारी के लक्षण मिले हैं। खास बात है कि बर्ड फ्लू का यह भारत में दूसरा मामला है। डब्ल्यूएचओ ने बताया था कि इससे पहले इंसानों में बर्ड फ्लू का केस वर्ष 2019 में मिला था। फिलहाल, मरीज का इलाज जारी है। डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार को बताया है कि एच 9 एन2 वायरस की वजह से होने वाले बर्ड फ्लू का पहला केस एक चार साल के बच्चे में मिला है। मरीज पश्चिम बंगाल से है और उसे स्थानीय अस्पताल में पीडियाट्रिक इन्टेंसिव केयर यूनिट में भर्ती कराया गया था। मरीज को सांस लेने में गंभीर परेशानी की शिकायत हुई थी। साथ ही फरवरी में पेट दर्द और तेज बुखार आया था।

### कई इलाकों में शुरू किया सर्च ऑपरेशन... ड्रोन से ली जा रही है मदद

# J&K: 3 दिन में चौथा आतंकी हमला, अलर्ट पर सुरक्षा बल

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को फिर आतंकी हमला हुआ है। हमले के बाद सेना के साथ आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के साथ यह चौथी मुठभेड़ है। डोडा क्षेत्र में मंगलवार रात से यह दूसरी मुठभेड़ है। वहीं 9 जून को रियासी में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। इसके अलावा कठुआ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

डोडा जिले शुरू हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके के घेर लिया है और आतंकवादियों की तलाश की जा रही है। सेना को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि आतंकी अगले कुछ दिनों में और हमले कर सकते हैं। वे कुछ नामचीन इमारतों को निशाना बना सकते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार सुबह कहा था कि तीन से चार आतंकवादियों का एक समूह डोडा के ऊंचे इलाकों में मौजूद था। जानकारी मिलने पर उनके खिलाफ तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि ,इस इलाके में उनकी तलाश करना काफी चुनौतीपूर्ण है।



### कठुआ में दूसरा आतंकी भी ढेर

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में बुधवार को दूसरे दिन भी आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में वहां छिपे एक आतंकवादी को मार गिराया था। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी ढेर कर दिया गया। हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने कहा कि आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

### सेना के 5 जवान व एसपीओ घायल

इससे पहले आतंकवादियों ने मंगलवार रात जम्मू के डोडा क्षेत्र में सेना तथा पुलिस के संयुक्त नाके को निशाना बनाया। हमले में सेना के पांच जवान और एक एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। छत्रगलां टॉप का यह इलाका जिला कठुआ और जिला डोडा की तहसील भद्रवाह की सीमा पर स्थित है। हमले के बाद आतंकी मौके से भाग निकले। आतंकियों की तलाश के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी समूह कश्मीर टाइगर्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। कश्मीर टाइगर्स एक कम जाना पहचाना आतंकी ग्रुप है। पहली बार यह जनवरी 2021 में तब सामने आया था, जब पुलिस ने इसे जैश-ए-मोहम्मद का क्लोन बताया था। दिसंबर 2021 में श्रीनगर में एक पुलिस बस पर हमले के लिए इसे जिम्मेदार माना गया। उस हमले में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए.

### जारी है सर्च अभियान

डीआईजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि आतंकियों के एक ग्रुप की मूवमेंट को लेकर इनपुट मिल रही थी। इसके चलते ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में सेना और पुलिस ने टेंपरेरी पोस्ट तैयार की थी। पूरे इलाके को सर्च अभियान जारी है।

### पाक नहीं चाहता कश्मीर में अमन

अधिकारियों ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां तेज हुई हैं।

### आंतरिक सुरक्षा के लिए अहम फैसला

## अयोध्या, पठानकोट व केरल में भी होंगे एनएसजी के सेंटर

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) जल्द ही अयोध्या, पठानकोट और केरल में अपनी इकाइयों की स्थापना करेगा। इसकी पुष्टि करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ समय से इसकी प्रक्रिया चल रही है। अगले कुछ महीनों में एनएसजी की अयोध्या यूनिट काम करना शुरू कर देगी। अन्य दो इकाइयों द्वारा इस साल के अंत तक कामकाज शुरू कर देने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि इससे स्थानीय पुलिस और अन्य सीएपीएफ इकाइयों को अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा किसी भी प्रतिकूल स्थिति में एनएसजी को जवाबी कार्रवाई में कम समय लगेगा। अधिकारी ने कहा कि निर्णय को अंतिम रूप देने से पहले इन स्थानों पर कई दौर की बैठकें हुईं। इन स्थानों पर एनएसजी यूनिटों को विशेष हथियारों और ड्रोन विरोधी उपकरणों से लैस किया जाएगा। ज्ञात रहे कि अयोध्या स्थित राम मंदिर भारत के संवेदनशील प्रतिष्ठानों में से एक है और कहा जाता है कि यह विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर है। पठानकोट में एनएसजी केंद्र स्थापित करने का निर्णय इस सीमावर्ती जिले के रणनीतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। दूसरी तरफ केरल कट्टरपंथी ताकतों के लिए आश्रय स्थल बन गया है और इस्लामिक आतंकवादी समूहों के लिए आपूर्ति केंद्र में बदल रहा है।



### कुल 8 हो जाएंगे NSG के केंद्र

तीन नई इकाइयों के चालू होने के बाद देशभर में एनएसजी के कुल आठ केंद्र हो जाएंगे। वर्तमान में मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई और गांधीनगर में एनएसजी के पांच क्षेत्रीय केंद्र हैं। अधिकारी ने कहा कि तीनों नए स्थानों की पहचान खतरे की आशंका और आस-पास के संवेदनशील स्थानों से उनकी भौगोलिक निकटता के आधार पर की गई है।

## खुदरा महंगाई दर निचले स्तर पर

■ 4.75% पर पहुंचा आंकड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की खुदरा मुद्रास्फीति मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले महीने यानी अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई में 0.48 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। मई में खाद्य मुद्रास्फीति की दर अप्रैल के 8.75 प्रतिशत से घटकर मई में 8.62 प्रतिशत हो गई। हालांकि यह आंकड़ा मई 2023 की खाद्य महंगाई दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण मुद्रास्फीति मई में घटकर 5.28 प्रतिशत रह गई, जो पहले 5.43 प्रतिशत थी। इस बीच, मई में शहरी मुद्रास्फीति की दर 4.15 प्रतिशत रही। फलों और सब्जियों की मुद्रास्फीति अप्रैल के 27.8 प्रतिशत से घटकर मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत पर आ गई।

### दर्शन को घटना स्थल पर ले गई पुलिस

**बेंगलुरु।** रेणुका स्वामी हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पट्टनगेरे ले जाया गया, जहां अपराध हुआ था। यहीं नहीं, दर्शन की करीबी दोस्त और अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा को भी घटनास्थल पर लाया गया है।

## पाक आतंकी की दया याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** लाल किले पर हमले के करीब 24 साल पुराने मामले में दोषी पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति द्वारा खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को आरिफ की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मौत की सजा पाया दोषी अभी भी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत लंबे समय तक देरी के आधार पर अपनी सजा कम करने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 15 मई को प्राप्त आरिफ की दया याचिका 27 मई को खारिज कर दी गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने मौत की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि आरिफ के पक्ष में कोई भी परिस्थितियां नहीं थीं। 22 दिसंबर, 2000 को हुए इस हमले में घुसपैठियों ने लाल किला परिसर में तैनात 7 जवानों पर गोलीबारी की थी, जिसमे तीन जवान शहीद हो गए थे।

### कुवैती गृह मंत्री ने कहा - हादसा कंपनी व इमारत के मालिक के लालच का नतीजा

# इमारत में ठूंसे हुए थे श्रमिक, रास्ता तंग होने से नहीं निकल पाए बाहर

■ कुवैत की आबादी में 21 प्रतिशत भारतीय, कामकाजी आबादी का 30 फीसदी हिस्सा हैं

एजेंसी | कुवैत सिटी

कुवैत की एक इमारत में बुधवार सुबह लगी भीषण आग में कई लोगों को बचने के लिए रास्ता ही नहीं मिला और उन्हें अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा। आग से 41भारतीयों की मौत की खबर है। यह हादसा दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र की इमारत में हुआ। कुवैत की आबादी में 21 फीसदी हिस्सेदारी भारतीयों की है। वहीं, कुवैत की कामकाजी आबादी में 30 फीसदी हिस्सा भारतीयों का है। जिस इमारत में आग लगी, उसे एनबीटीसी ग्रुप ने किराए पर ले रखा है। । कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि यहां जो हुआ, वह मजदूरों को नौकरी देने वाली कंपनी और इमारत के मालिकों के लालच का नतीजा है। रिहाइशी इमारतों में मजदूरों को ठूंसकर रखने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

अरब टाइम्स के मुताबिक, चश्मदीदों ने बताया कि इमारत से आवाजाही के एक रास्ते को अवरुद्ध कर रखा था। बाहर आने का रास्ता तंग होने की वजह से आग में फंसे लोग समय पर और तेजी से बाहर नहीं निकल सके। अगर रास्ता अवरुद्ध नहीं होता और इमारत में जरूरत से ज्यादा लोगों को नहीं रखा जाता तो कई जानें बच सकती थीं। घटना के समय कुछ मजदूर नींद में थे। उनमें से कुछ की दम घुटने से मौत हो गई। एक चश्मदीद ने बताया कि पांचवीं मंजिल से एक मजदूर ने बालकनी के सहारे निकलने की कोशिश की, लेकिन बदकिस्मती से बालकनी के किनारे पर फंसने से उसकी मौत हो गई। वहीं, केरल के रहने वाले और कुवैत में ड्राइवर की नौकरी करने वाले शमीर आग लगने के बाद अपने फ्लैट से नीचे कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। कुवैत के फॉरेंसिक विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान का कहना है कि मृतकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। मृतकों में से अधिकांश केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के नागरिक थे। मृतकों की उम्र 20 से 50 साल के बीच बताई गई है।



### घायलों से मिले भारत के राजदूत

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कुवैत में जान खोने वाले भारतीय लोगों के परिजनों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। हम उनकी मदद के लिए तत्पर हैं। घटनास्थल के अलावा भारतीय राजदूत ने तीन अस्पतालों का भी दौरा किया है, जहां पीड़ितों को एडमिट कराया गया है। कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने अल-अदन अस्पताल का दौरा किया, जहां आग की घटना में घायल हुए 30 से अधिक भारतीय लेबर को भर्ती कराया गया है।

### सिलेंडर में विस्फोट के बाद फैली आग!

कुवैती मीडिया के मुताबिक, आग किचन से फैली। बताया जा रहा है कि सिलेंडर में विस्फोट होने के बाद आग पूरी इमारत में फैल गई। हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे के करीब हुआ। जिस इमारत में आग लगी, वह छह मंजिला है। वहां 196 लोग रहते हैं। इनमें से ज्यादातर भारतीय श्रमिक हैं। इनमें भी अधिकतर केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं।

### छोटा 'मुंज्या' कमाई में पड़ गया बड़ों-बड़ों पर भारी

# न कोई बड़ी स्टार कास्ट और ना ही हेवी प्रमोशन... फिर भी BO 'फतेह'

## भैया जी और क्रेक के लाइफ टाइम कलेक्शन जितने पैसे तो तीन दिन में कमाए

शिवराज गुर्जर | बेधड़क

**जयपुर।** साल 2024 में बॉलीवुड में कुछ सरप्राइज फिल्में रही हैं, जिन्होंने न केवल उम्मीद से कई गुना ज्यादा कमाई की हैं बल्कि हिट भी रही हैं। इन फिल्मों में न कोई बड़ी स्टार कास्ट थी और ना ही रिलीज से पहले इनका कोई बहुत बड़ा प्रचार किया गया था, इसके बावजूद इन्होंने बॉक्स ऑफिस पर राज किया। ये फिल्में हैं यामी गौतम की आर्टिकल 370 और करीना, तब्बू और कियारा आडवाणी की क्रू। ऐसी ही एक मूवी मुंज्या इन दिनों थिएटर्स में धूम मचा रही है। फिल्म में सरवरी वाघ, अभय वर्मा और आयुष उलगडे लीड रोल में हैं। इनमें से कोई भी बड़ा चेहरा या चर्चित एक्टर नहीं हैं, इसके बावजूद मूवी ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से कहीं अच्छा प्रदर्शन किया। कमाई के मामले में मूवी ने फर्स्ट मंडे को वर्किंग डे होने के बावजूद पहले दिन के बराबर कलेक्शन किया। बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन की बात करें तो मनोज बाजपेयी की भैया जी और विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल की क्रेक के लाइफ टाइम जितना कलेक्शन तो मुंज्या ने तीन दिन में कर लिया। गौरतलब है कि बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार भैया जी का लाइफ टाइम कलेक्शन 9 करोड़ 40 लाख रुपए जबकि क्रेक का 13 करोड़ 23 लाख रुपए रहा।

### 4 करोड़ 21 लाख से की ओपनिंग

मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छी शुरुआत ली। ओपनिंग डे पर मूवी ने 4 करोड़ 21 लाख रुपए का कलेक्शन किया। हालांकि, इसमें गुरुवार की रात को हुई स्क्रीनिंग की कमाई भी शामिल है। दूसरे दिन मूवी को माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिला और 7 करोड़ 40 लाख रुपए का कलेक्शन किया। तीसरे दिन रविवार को इसके साथ की नोन वर्किंग डे का साथ मिला और कलेक्शन पहले दिन का डबल हो गया। थर्ड डे का मूवी का कलेक्शन 8 करोड़ 43 लाख रुपए रहा।




### वर्किंग डे पर मुंज्या का बहुत बड़ा कमाल

खास कमाल मुंज्या ने चौथे दिन यानी कि सोमवार को किया। वर्किंग डे होने के बावजूद फिल्म ने पहले दिन के लगभग बराबर 4 करोड़ 11 लाख रुपए की कमाई की। बॉक्स ऑफिस पर मूवी का यह प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को मूवी ने 4 करोड़ 21 लाख रुपए कमाए। इस तरह मूवी ने पांच दिन में कुल 28 करोड़ 36 लाख रुपए कमा लिए।




### पांच दिन में M&M के नौ दिन की बराबरी

मूवी ने पांच दिन में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर जैसे बड़े स्टार की मूवी मिस्टर एंड मिसेज माही की नौ दिन की कमाई की बराबरी कर ली। दोनों स्टार्स की यह मूवी अभी बॉक्स ऑफिस पर गौरतलब है कि यह मूवी अभी बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मिस्टर एंड मिसेज माही ने नौ दिन में 28 करोड़ 42 लाख रुपए का कलेक्शन किया है, जबकि मुंज्या ने पांच दिन में 28 करोड़ 36 लाख रुपए की कमाई की है।

### एनालिटिक्स ने दिया हिट करार

मुंज्या के बॉक्स ऑफिस पर पांच दिन के प्रदर्शन को देखते हुए एनालिटिक्स ने इसे अभी से ही हिट करार दे दिया है। ट्रेड एनालिटिक्स तरण आदर्श ने अंग्रेजी में लिखा है- जबकि अधिकांश फिल्में चौथे दिन 4 [सोमवार] पर असफल/गिर जाती हैं, #मुंज्या एक अपवाद साबित होती है... बस सोमवार के नंबर देखें - शुक्रवार से ज्यादा [गुरुवार की आधी रात की स्क्रीनिंग शामिल है]... अगर यह शानदार नहीं है, तो क्या है? कार्य दिवस पर असाधारण पकड़ #मुंज्या को हिट श्रेणी में ले जाती है... यह जल्द ही धीमा नहीं पड़ने वाला है।

## केजे ने रिवील किया 'एक्शन का सबसे नया चेहरा'




**बेधड़क. जयपुर।** लक्ष्य और राघव जुयाल स्टारर अपकमिंग फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। लक्ष्य ने भारत की अब तक की सबसे हिंसक कही जा रही फिल्म में अपना कहर बरपाया है, जो खून, हिंसा और जबरदस्त एक्शन से भरपूर है। करण जौहर ने इस फिल्म के साथ लक्ष्य को 'एक्शन के सबसे नए चेहरे' के रूप में पेश किया है, जो इस शैली के लिए एक नए युग की शुरुआत करता है। फिल्म को पहले ही अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में शानदार समीक्षा मिल चुकी है और अब भारत में सिनेमा और एक्शन प्रेमी रोमांचकारी ट्रेलर देख रहे हैं। ट्रेलर साझा करते हुए, धर्मा प्रोडक्शंस ने लिखा, 'एक बार की बात है... यह यात्रा एकतरफा है। तैयार हैं?' ट्रेलर बेहद हिंसक और तीव्र एक्शन दृश्यों से भरा है।

## शिविर में 91 यूनिट रक्तदान




**बेधड़क. जयपुर।** च्यवनगौड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मुरली पैराडाइज गोविंदपुरा रोड सांगानेर में रक्तदान शिविर लगाया गया। आरएएस मनमोहन शर्मा उपखंड अधिकारी किशनगंज बारां के जन्मदिन पर सामाजिक स्तर पर आयोजित इस शिविर में 91 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ समाज के महासचिव अरुण शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। शिविर में मनमोहन शर्मा ने सभी समाज बंधुओं का आभार जताया। शिविर में एडीएम अशोक शर्मा, केसी मीना आईएफएस, आरएएस संजना जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया जोशी, महेश शर्मा, पार्षद अरुण शर्मा, पार्षद प्रत्याशी ब्रहप्रकाश शर्मा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## City इवेंट्स

### अनाथ बच्चों के लिए स्कूल वाहन भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलाई दो दिवसीय दौरे पर जयपुर आई। इस दौरान उन्होंने सुरमन संस्थान, अनाथालय, वैशाली नगर पहुंची। वहां कॉर्पोरेट सोश्यल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत यूनियन बैंक सोश्यल फाउंडेशन की ओर से अनाथ बच्चों को स्कूल जाने के लिए स्कूल वाहन भेंट किया। साथ ही बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री बांटी। कार्यक्रम में मुंबई केंद्रीय कार्यालय से आए राजीव झा एवं राजेश वर्मा भी उपस्थित थे। इस मौके पर जयपुर अंचल प्रमुख विपिन शुक्ला, उप अंचल प्रमुख कविता श्रीवास्तव, अभिषेक जैन एवं जयपुर क्षेत्र प्रमुख रंजीत कुमार उपस्थित रहे। सुरमन संस्थान की संरक्षक मनन चतुर्वेदी ने यूनियन बैंक का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संयोजक एनके शर्मा ने बताया कि यूनियन बैंक समय समय पर इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम करवाता रहता है।

### मंत्री नहीं बनाने पर सिंधी समाज नाराज

**बेधड़क. जयपुर।** इंदौर सांसद शंकर लालवानी को कैबिनेट में स्थान न मिल पाने के कारण संपूर्ण सिंधी समाज का मन व्यथित है। सिंधी समाज के समाज सेवी कमल भोजवानी ने बताया कि लगभग 11 लाख 75000 से बड़ी जीत हासिल की है। शंकर लालवानी ने तीसरी बार सांसद बनने पर भी मंत्रिमंडल में कोई जगह नहीं दी है, जिसके चलते संपूर्ण सिंधी समाज में रोष व्याप्त है। साथ ही भोजवानी ने कहा कि हमने धर्म बचाने और बढ़ाने के लिए अपना सिंध प्रांत दे दिया, आज हमारे साथ ऐसा भेदभाव क्यों। सिंधी समाज को जागना ही होगा, उन्होंने कहा कि अब लकीर के फकीर ना बनकर अपने वजूद और अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ेगा।

### उड़िया फिल्म 'कुहुदी' का ट्रेलर रिलीज



**बेधड़क. जयपुर।** अनुभव मोहंती की कोर्टरूम ड्रामा उड़िया फिल्म 'कुहुदी' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया गया। यह फिल्म 14 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। अभिनेता अनुभव मोहंती की देशभर में जबरदस्त फैन-फॉलोइंग है। ऐसे में उनकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए राजश्री ने फिल्म को बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद में भी रिलीज करने का फैसला लिया है।

### 9 को बुर्ज खलीफा से शुरू हुई थी एडवांस बुकिंग

## कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' के दो दिन में बिके 7624 टिकट




बेधड़क | जयपुर

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को रिलीज होगी, जिसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मंगलवार दोपहर 4 बजे तक मूवी के 7624 टिकटों की ही बुकिंग हुई है। बता दें कि बीते दिनों 9 जून को बड़े जोर-शोर से दुबई में बुर्ज खलीफा से फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होने का ऐलान हुआ। यह फिल्म और कार्तिक आर्यन दोनों ही लगातार खबरों में भी हैं।

दो दिनों से एडवांस बुकिंग के आंकड़ों में यह सारी कवायद टिकटों से कमाई के रूप में देखने को नहीं मिल रही है। 'चंदू चैंपियन' तैराकी में भारत के पहले पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है। उन्हें साल 2018 में भारत सरकार ने पद्म श्री से सम्मानित किया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मुरलीकांत पेटकर की कहानी लाखों-करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इतना ही नहीं, फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन की मेहनत भी खूब झलकती है। खासकर उनका ट्रांसफॉर्मेशन चौंकाने वाला है।

### मंदिर में सजाई फूल बंगला झांकी

## नहर के गणेशजी के दरबार में गायकों ने बहाई भजनों की गंगा



बेधड़क | जयपुर

अतिप्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेश जी मंदिर में बुधवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर नयनाभिराम फूलबंगला झांकी सजाई गई। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि मंदिर महंत पं जय शर्मा के सानिध्य में विभिन्न प्रकार के देशी विदेशी पुष्पों मोगरा, लिलि, नवरंगा, गुलाब, पीला हजारा, आसापाला, व रंग बिरंगे विदेशी फूलों व पत्तों से गणपति भगवान का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। सायं 5 बजे आरती की गई तथा इसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें शास्त्रीय, उपशास्त्रीय व सुगम संगीत के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। गोपालसिंह राठौड़, प्रहलाद गुर्जर, सांवरमल कथक, गायत्री पारीक, राजन खींची, रतनलाल, बनारसी बाबू , बुंदु खां, परमेश्वर कथक, पद्मश्री गुलाबो, दिलशाद, पिंटू, सद्दाम, अम्बालाल, संजीव शर्मा सहित अनेक कलाकारों ने अपनी हाजरी लगाई और भजनों से गजानन भगवान को रिझाया। मंच संचालन राजेश आचार्य और आरडी अग्रवाल ने किया।

**एंटरटेनमेंट** अल्लू अर्जुन, रष्मिका मंदाना की फिल्म की रिलीज डेट टली


## पुष्पा 2 देर से आएगी, 15 अगस्त को अक्षय आए 'खेल-खेल में'

बेधड़क | जयपुर

15 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर होने वाला क्लैश अब और इंटरेस्टिंग हो गया है। कारण, इस दिन रिलीज होने वाली सबसे बड़ी फिल्म पुष्पा 2 के मैदान से हट गई है। इससे जॉन अब्राहम की वेदा के लिए रास्ता साफ हो गया था, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं रही। शाम को अक्नेक्षय कुमार मैदान में आ गए। उनकी फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त को रिलीज होगी।

**पुष्पा 2 यानी पुष्पा 2:** द रूल इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म है. पहली फिल्म की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन के फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे है. पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर है कि इस फिल्म की रिलीज डेट फिलहाल टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पुष्पा 2 की इन दिनों शूटिंग चल रही है। खुद अल्लू अर्जुन ने जून तक शूटिंग के कुछ हिस्सों को खत्म करने के लिए सख्त डेडलाइन तय की थी, लेकिन अब खबर है कि फिल्म की टीम को शूटिंग पूरी करने के लिए एक महीने और चाहिए।





### जुलाई के अंत तक खत्म होगी शूटिंग!

खबर यह भी है कि पुष्पा 2 के डायरेक्टर सुकुमार और उनकी टीम ने फिल्म से जुड़े कुछ सीन को फिर से डिजाइन किया है और हाल ही में उन्हें फिर से शूट किया गया है। फिल्म के विलन फहाद फासिल ने हाल ही में तारीख दी हैं और उनके हिस्से की शूटिंग अभी चल रही है। पुष्पा 2 की एडिटर कार्तिका श्रीनिवास ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया है और नवीन नूली एडिट कट में व्यस्त हैं। सुकुमार फिल्म के वीएफएक्स के काम से संतुष्ट नहीं हैं और उन्हें पूरा होने में लंबा समय लगेगा. शेड्यूल के अनुसार, पुष्पा 2 की शूटिंग जुलाई के अंत तक खत्म होगी।

### मेकर्स ने नहीं की आधिकारिक घोषणा

ऐसे में पुष्पा 2 का 15 अगस्त को तय समय पर स्क्रीन पर आना पूरी तरह से असंभव है। निर्माता सुकुमार पर दबाव बढ़ा रहे हैं, लेकिन फिल्म अपनी तय रिलीज डेट से चूक गई है। अल्लू अर्जुन भी चाहते हैं कि टीम चौबीसों घंटे काम करे और समय पर काम पूरा करे, लेकिन अभी के लिए पुष्पा की रिलीज डेट को टाल दिया गया है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

हार वो सबक होती है, जो जीवन में आपको बेहतर बनने का अवसर देती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### बोट में सवार थे 260 शरणार्थी, 140 लोग अभी भी लापता... 71 को बचाया

# यमन के समुद्र में नाव डूबी, 49 की मौत



**एजेंसी** | काहिरा

हॉर्न ऑफ अफ्रीका से यमन जा रहे शरणार्थियों और प्रवासियों को ले जा रही नाव के डूबने से 49 लोगों की मौत हो गई, जबकि 140 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक नाव में करीब 260 लोग सवार थे, हादसे का शिकार हुए नाव में सवार लोगों में अधिकांश लोग इथियोपिया और सोमालिया के थे। ये सभी यमन पहुंचने के लिए अदन की खाड़ी को पार करते हुए सोमालिया के उत्तरी तट से निकले थे। नाव में सवार सभी लोग शरणार्थी थे और ईस्ट अफ्रीका के सोमालिया से यमन जा रहे थे। ये लोग सोमालिया के बोसासो से रवाना हुए थे, जो यमन से लगभग 600 किलोमीटर दूर है। नाव पलटने के बाद तुरंत संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसमें 71 लोगों को बचा लिया गया। इनमें से 8 लोगों की हालत गंभीर है। अब तक 31 महिलाओं समेत 6 बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### 10 साल में 1860 मौतें

हर साल हजारों अफ्रीकी प्रवासी सऊदी अरब पहुंचने के लिए ईस्टर्न रूट के जरिए रेड सी को पार करने की कोशिश करते हैं। अप्रैल में इसी रूट पर 62 लोगों की जान गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने बताया कि 2014 से अब तक इस समुद्री मार्ग पर 1860 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### यमन में बढ़ रही प्रवासियों की संख्या

इस रूट से 2023 में जाने वाले शरणार्थियों की संख्या 90 हजार से ज्यादा थी। अब यमन में प्रवासियों की संख्या 4 लाख के करीब हो गई है। यमन में हुई इस दर्दनाक घटना ने फिर से शरणार्थियों की समस्याओं और उनके संघर्ष को उजागर कर दिया है। संबंधित एजेंसियां लगातार प्रयास कर रही हैं कि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके और इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### मूर्ति का उद्घाटन करने वाले थे प्रधानमंत्री मोदी

# खालिस्तानियों ने इटली में तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा

**एजेंसी** | रोम

कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के बाद अब खालिस्तानी चरमपंथी इटली में भी नापाक हरकतें करने लगे हैं। इटली में बुधवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा को उद्घाटन से पहले ही खालिस्तानी चरमपंथियों ने तोड़ दिया। इस प्रतिमा का पीएम नरेंद्र मोदी उद्घाटन करने वाले थे। आरोपियों ने प्रतिमा के नीचे खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर से संबंधित विवादित नारे भी लिखे। भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किए गए निज्जर की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, इटली के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने रिकॉर्ड समय में इस प्रतिमा को साफ कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, घटना पर बोलते हुए विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मुद्दा इतालवी अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। पिछले साल की शुरुआत में इसी तरह की एक घटना में खालिस्तान चरमपंथियों द्वारा कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एक विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।




### इटली पीएम के आमंत्रण पर जा रहे पीएम मोदी

इटली में 13 से 15 जून तक जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। पीएम मोदी जी-7 बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार को इटली रवाना होंगे। विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी, इटली पीएम जियोर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के अलावा कई अन्य देशों के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी उनके देश पर रूसी आक्रमण पर एक सत्र में भाग लेने वाले हैं।

### जी-7 समिट से ठीक पहले हुई घटना

इटली में 13 से 15 जून तक जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में पीएम मोदी को भी न्योता भेजा गया है। इसी दौरान महात्मा गांधी की इस प्रतिमा का उद्घाटन किया जाना था। ऐसे में खालिस्तानियों की इस करतूत को बेहद शर्मनाक माना जा रहा है। इटली ने इस घटना के दोषियों को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा:** इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत और ग्लोबल साउथ से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में चल रहे युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि सम्मेलन में पीएम मोदी विश्व नेताओं के साथ भारत और ग्लोबल साउथ से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बातचीत करेंगे। यह 11वीं बार है जब भारत जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनेगा। पीएम मोदी इस सम्मेलन में पांचवीं बार हिस्सा लेंगे।

### विदेश मंत्रालय ने लोगों से रूस में नौकरी करते समय सतर्क रहने को कहा...

# भारतीयों की सेना में भर्ती बंद करे रूस

**एजेंसी** | मॉस्को/ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में रूसी सेना में भर्ती किए गए दो भारतीयों की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार ने इस मुद्दे को रूस के सामने उठाया है और कहा है कि रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती तुरंत रोक दी जाए और वर्तमान में रूसी सेना में शामिल सभी भारतीयों को लौटने की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही मंत्रालय ने लोगों से रूस में नौकरी करते समय सतर्क रहने को भी कहा है।विदेश मंत्रालय और मॉस्को में भारतीय दूतावास ने रूसी सेना में शामिल सभी भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और वापसी के लिए नई दिल्ली में रूसी राजदूत और मॉस्को में रूसी अधिकारियों के साथ मामले को दृढ़ता से उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें पता है कि लगभग 20 लोग फंसे हुए हैं, हम उन्हें जल्द से जल्द छुट्टी देने के लिए अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहे हैं। कहा जाता है कि यूक्रेन में अपने हजारों सैनिकों के मारे जाने के बाद रूस ने लड़ने के लिए भारत और नेपाल सहित दक्षिण-पूर्व एशिया से लोगों को भर्ती किया है।








### टेंशन में पुलिस

# पाक में ईद के बकरे लूट रहे बदमाश

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे कुर्बानी वाले बकरों को लूटने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। बदमाशों ने कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में कामरान चौरंगी के पास बलि के बकरों से भरा एक ट्रक लूट का शिकार बनाया। पुलिस ने खुलासा किया कि बाइक सवार चार संदिग्ध ट्रक के पास पहुंचे। ट्रक में 30 बलि के बकरे थे। संदिग्धों में से दो ने बंदूक की नोक पर चालक को वाहन से बाहर खींच लिया और ट्रक लेकर भाग गए। लूट का शिकार हुए व्यापारी अब्दुल मनन ने खुलासा किया कि बकरों को हैदराबाद से गुलिस्तान-ए-जौहर ले जाया जा रहा था। इसके अलावा, पुलिस ने कहा कि व्यापारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद घटना की जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना ईद उल अजहा से कुछ दिन पहले हुई है, जो दुनिया भर में हर इस्लामी वर्ष के अंत में मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला एक त्योहार है।



**लूटपाट की घटनाएं हुई आम:** पाकिस्तान में त्योहार के नजदीक आने के साथ ही इस तरह की लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं, क्योंकि लोग बलि के लिए मवेशियों को घर लाते हैं और इस साल इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। कुछ सप्ताह पहले, लाहौर में दो ऐसी घटनाएं सामने आई थीं, जहां नागरिकों ने हथियारबंद लोगों के हाथों अपनी बलि के बकरे खो दिए थे। लाहौर के समानाबाद इलाके में लुटेरों ने बंदूक की नोक पर एक छोटे लड़के से दो बकरियां छीन लीं और भाग गए। लाहौर के निश्तार कॉलोनी में एक अलग घटना में लुटेरों के एक समूह ने एक नागरिक से एक बकरी छीन ली, लेकिन पुलिस ने तुरंत एक डकैत को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl